वर्ष : 18 अंक: 50 | ग्वालियर | मंगलवार 25 मार्च 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रू.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छतीसएढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

# सांसदों की सैलरी 24% बढ़ी, हर सांसद को अब रू.1.24 लाख मिलेंगे

## पूर्व सांसदों की पेंशन बढ़ाकर रू. 31 हजार की गई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सरकार ने सांसदों की सैलरी में 24त्न का इजाफा कर दिया है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक मौजूदा सांसदों को अब 1.24 लाख रुपए प्रति माह मिलेगा। पहले उन्हें 1 लाख रुपए प्रति माह मिलते थे।

यह बढ़ोतरी कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स (लागत मुद्रास्फीति सूचकांक) के आधार पर की गई है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। इससे पहले मोदी सरकार



ने 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा का नियम बनाया था। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है।

### डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई

डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई है। डेली अलाउंस 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 2,500 कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन 25 हजार रुपए से प्रति माह से बढ़ाकर 31 हजार रुपए प्रति माह कर दी गई है। पांच साल से ज्यादा समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर साल के लिए मिलने वाली एक्स्ट्रा पेंशन भी 2 हजार रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति माह कर दी गई है।

# कैश कांड में घिरे जस्टिस वर्मा से सभी न्यायिक कार्य वापस लिए गए, हाईकोर्ट ने जारी किया सर्कुलर

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कैश कांड के चलते दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक सर्कुलर जारी कर अगले आदेशों तक जस्टिस वर्मा से सभी न्यायिक कार्य वापस ले लिए हैं। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद की गई है।

सर्कुलर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जस्टिस यशवंत वर्मा की पीठ अब किसी भी मामले की सुनवाई नहीं करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। कोर्ट ने यह भी बताया कि खंडपीठ-ढ्ढढ्ढ के कोर्ट मास्टर अब मामलों में नई तारीखें देंगे।

गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जस्टिस वर्मा से सभी न्यायिक कार्य वापस लेने का निर्देश दिया था। जिसके बाद आज दिल्ली हाई




कोर्ट ने यह औपचारिक सर्कुलर जारी किया है।

हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने सीजेआई संजीव खन्ना को जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर लगी आग के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक भी किया था। शीर्ष अदालत द्वारा जारी तस्वीरों और वीडियो में जले हुए नोटों की गड्डियां दिखाई दे रही थीं। हालांकि, जस्टिस वर्मा ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर साजिश की आशंका जताई है।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीजेआई ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में जस्टिस शील नागू, जस्टिस संधावालिया और जस्टिस शिवरमन शामिल हैं। सीजेआई संजीव खन्ना ने पहले ही जस्टिस वर्मा को न्यायिक कार्यों से अलग रहने के लिए कहा था। बता दें कि 14 मार्च को होली की रात लगभग 11ञ्35 बजे जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में आग लग गई थी। उस समय वह दिल्ली से बाहर थे। उनके परिवार के सदस्यों ने आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को सूचित किया था। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी पहुंचा था। इस दौरान कथित तौर पर वहां भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। दमकल कर्मियों को एक पूरा कमरा नोटों से भरा मिला था, जिसके बाद यह मामला विवादों में घिर गया।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र ने राजस्थान में गेहूं की सरकारी खरीद के मानकों में छूट दी

**भीलवाड़ा ,एजेंसी।** राजस्थान में अत्यधिक गर्मी और बारिश के चलते गेहूं की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने राजस्थान में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए निर्धारित मानकों में कुछ छूट दी है। इससे किसानों को राहत मिलेगी । भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्णय के अनुसार, रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए राजस्थान के किसानों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों में ढील प्रदान की गई है। राज्य सरकार के विशेष अनुरोध पर केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया। अत्यधिक गर्मी और बारिश से गेहूं की फसल प्रभावित हुई है जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ने और गुणवत्ता खराब होने की आशंका है।सरकारी खरीद में गेहूं के सिकुड़े या टूटे दाने पहले 6 प्रतिशत तक मान्य थे, इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है।क्षतिग्रत व आंशिक क्षतिग्रत दानों का अंश संयुक्त रूप से 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।चमकविहीन (लस्टर लॉस) दाने 10 प्रतिशत तक मान्य होंगे।इन मानको की छूट पर किसी प्रकार की कटौती सरकार द्वारा नहीं की जाएगी।

### डॉ. रवि भगत ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के रूप में पदभार संभाला

**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** शानदार सेवाएं निभाने वाले आई.ए.एस. अधिकारी डॉ. रवि भगत ने आज अपने कार्यालय में पंजाब सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। गौरतलब है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. रवि भगत ने राज्य सरकार में विभिन्न पदों पर सेवा दी है। वर्ष 2006 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी डॉ. रवि भगत हमेशा आम जनता को नागरिक-केंद्रित सेवाओं का लाभ देने के लिए नवाचार लागू करने के प्रति तत्पर रहते हैं। वे सार्वजनिक सेवाओं के प्रति अपनी सक्रिय और जवाबदेह कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं।

# बीमारू राज्य से अर्थ शक्ति बनकर उभरा यूपी : सीएम योगी

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उनके साथ दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्री और संगठन के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था। लेकिन आज अर्थ शक्ति बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पहले दंगे व आतंक को लोगों ने देखा। आठ वर्ष पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था। आज वही प्रदेश अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है। पहले यूपी विकास का ब्रेकर माना जाता था। आज वही प्रदेश विकास का उदाहरण बनकर उभरा है। प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी, आप सभी जानते हैं कि यहां की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर क्या था, यह किसी से छिपा नहीं है।



यही प्रदेश है, जहां किसान आत्महत्या करता था। युवाओं के सामने पहचान का संकट था। इसी प्रदेश में दंगा व अराजकता था। इन्हें प्रदेश ने झेला था। प्रदेश और तंत्र वही है, केवल सरकार बदलने से व्यापक बदलाव कैसे होता है, इसको महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया गया, उसकी वजह से जो प्रदेश बीमारू था, आज वही प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। आज प्रत्येक सेक्टर में प्रदेश देश के विकास में ब्रेक थ्रू के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी प्राचीन समय से ही कृषि प्रधान रहा। हमारे पास प्रकृति की ओर से प्रचुर मात्रा में अवसर था, हम इसको आगे बढ़ सकते थे। 2017 के पहले किसान आत्महत्या करता था, कृषि सेक्टर में एक वीरानी छाई हुई थी। आज व्यापक बदलाव हुए, कृषि विकास दर 13.5 फीसदी से अधिक हुई, इससे प्रदेश के जीडीपी में 28 फीसद की बढोत्तरी हुई, इसकी शुरुआत हमारी पहली कैबिनेट ने किया था। 36 हजार करोड़ रुपये की कर्जमाफी की गई। उन्होंने कहा कि 2017 से 2023 तक हमने ढाई गुना ज्यादा गेहूं की खरीदारी की। 43 हजार 424 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसी प्रकार धान की खरीदारी के लिए 88 हजार 746 करोड़ डीबीटी के माध्यम से दिया गया। सरकार ने 32 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को बाढ़ से बचाने का कार्य किया गया।

# रेल यात्रियों को दी जा रही 47 प्रतिशत यात्रा सब्सिडी : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे की ओर से यात्रियों को ज्यादा सब्सिडी दी जाती है। ट्रेन से प्रति किलोमीटर यात्रा की लागत 1.38 रुपये है, वहीं यात्रियों से केवल 73 पैसे लिए जा रहे हैं। इसका मतलब हुआ कि रेलवे यात्रियों को 47 प्रतिशत सब्सिडी दे रहा है। राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे न केवल यात्रियों को किफायती किराये पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों की तुलना में रेलवे का किराया कम है, जबकि पश्चिमी देशों में यह भारत की तुलना में 10 से 20 गुना अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 में यात्रियों को 57,000 करोड़



रुपये की सब्सिडी दी गई, जो 2023-24 में बढ़कर लगभग 60,000 करोड़ रुपये (अनंतिम आंकड़ा) हो गई। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य न्यूनतम किराये पर सुरक्षित और बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन के लाभों पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यात्रियों और माल परिवहन की बढ़ती संख्या के बावजूद ऊर्जा लागत स्थिर बनी हुई है। भारतीय रेलवे 2025 तक स्कोप 1 नेट जीरो और 2030 तक स्कोप 2 नेट जीरो हासिल करने के लक्ष्य पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि बिहार के मधेपुरा कारखाने में निर्मित इंजनों का निर्यात जल्द ही शुरू होगा। वर्तमान में, भारतीय रेलवे के यात्री कोच मोजाम्बिक, बांग्लादेश और श्रीलंका को निर्यात किए जा रहे हैं, जबकि इंजन मोजाम्बिक, सेनेगल, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश भेजे जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं ,अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**जयपुर ,एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति से आत्मीयता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं को सुना। शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से संबंधित समस्याएं सुनी तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर परिवादी को राहत दी। जनसुनवाई के दौरान आमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में दी गई सौगातों के लिए श्री शर्मा का आभार जताया तथा दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

बबीता कुमारी को चिकित्सा सहायता, गायत्री



को कैंसर की दवा जनसुनवाई में बालोतरा की बबीता कुमारी ने मुख्यमंत्री को दांतों से संबंधित बीमारी से अवगत करवाया तथा शीघ्र इलाज के लिए निवेदन किया। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बबीता कुमारी को तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। पाली से आई कैंसर रोग से ग्रसित गायत्री ने कैंसर की दवा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया।

# 51 घंटे लड़ी नेहा: तीन बच्चों की चिता ठंडी भी नहीं हुई, मां ने भी छोड़ दी दुनिया

**सहारनपुर,एजेंसी।** यूपी के सहारनपुर स्थित सांगाठेड़ा गांव में तीन बच्चों की मौत के बाद आखिरकार मां नेहा रोहिला ने भी दम तोड़ दिया। नेहा का चंडीगढ़ के अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार दोपहर भाजपा नेता योगेश रोहिला ने शक और गुस्से में अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों के सिर में गोलियां दाग दी थीं। उसकी बेटी श्रद्धा (8), बेटे देवांश (7) और शिवांश (4) की मौत हो गई थी, जबकि नेहा को जिला अस्पताल से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया था।

परिजनों ने उसे चंडीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी



कोशिश की। उसे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया था और उसकी हालत स्थिर बनी हुई थी। 51 घंटे तक मौत से जूझने के बाद सोमवार शाम नेहा भी इस दुनिया को अलविदा कह गई।

### मां ने दिया था 17 साल पहले श्राप

वारदात के बाद जब रविवार को योगेश की बहनें घर आई थीं तो बार-बार चिल्लाकर कह रहीं थीं कि 17 साल पहले तड़पती हुई मां ने जो श्राप दिया था वह सच हो गया। मां ने कहा था कि बिल्लू (योगेश के घर का नाम) तुझे कभी शांति और सुख नहीं मिलेगा। 17 साल बाद योगेश के कुंठित दिमाग ने वह सच कर दिया। श्रद्धा, देवांश और शिवांश के शवों को देखकर उनकी बुआ सीमा और गुड्डी बार-बार बेहोश हो रही थीं। वह बार-बार कह रही थीं कि योगेश ने अपने अंहकार व शक में घर के चिरागों को बुझा दिया है।

# इजरायल : कैबिनेट ने अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मियारा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को दी मंजूरी

**यरूशलम ,एजेंसी।** इजरायल के कैबिनेट ने देश के अटॉर्नी जनरल गली बहारव-मियारा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे उनकी बर्खास्तगी की दिशा में उठाया गया पहला कदम माना जा सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने रविवार को मीडिया को बताया कि मंत्रियों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। यह कदम सरकार की कई कार्रवाइयों में से एक था, जिसे सरकार के आलोचकों ने राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में देखा। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अधिकारी ने रविवार को कहा कि मंत्रियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। यह कदम सरकार की कई कार्रवाइयों में से एक था, जिसे विरोधियों ने सरकार के आलोचकों के खिलाफ राजनीतिक बदला लेने के रूप में देखा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और बहारव-मियारा



के बीच शुक्रवार को शिन बेट सुरक्षा प्रमुख रोनेन बार को हटाने के सरकार के प्रयास को लेकर टकराव हुआ था। हाई कोर्ट ने सरकार के बर्खास्तगी प्रयास को अस्थायी रूप से रोक दिया था, जिसके बाद बहारव-मियारा ने नेतन्याहू को बार को हटाने से रोकने के लिए एक निर्देश जारी किया। इस फैसले के बाद, हजारों प्रदर्शनकारियों ने यरूशलम में बहारव-मियारा और बार को हटाने के सरकार के प्रयासों के खिलाफ रैली निकाली। पिछले सप्ताह कैबिनेट ने बार की बर्खास्तगी को मंजूरी दी थी। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से इस्तीफा देने की मांग की और सरकारी परिसर की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारियों ने युद्ध को खत्म करने, गाजा में बंधक बनाए गए शेष लोगों की वापसी और सरकार के न्यायिक सुधार को रद्द करने की मांग की।

# जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए अधिक से अधिक प्रयास किये जायेंगे। जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए भी राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। वन क्षेत्रों में जनजातीय समाज के देव स्थलों पर पूजा-पाठ के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिए वन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री जन-मन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के जिन पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें आवश्यक परीक्षण और सर्वेक्षण के बाद लाभान्वित किया जाएगा। ÷धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान÷ में सभी कार्य समय-सीमा में किए जाएंगे। जनजातीय विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग के लिए आकांक्षा योजना का लाभ मिलेगा। योजना का विस्तार कर शासकीय सेवाओं में भर्ती और महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के



### आकांक्षा योजना का होगा विस्तार, विद्यार्थियों को मिलेगी ऑफलाइन और ऑनलाइन कोचिंग सुविधा

लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश जनजातीय मंत्रणा परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। विधानसभा समिति कक्ष में हुई बैठक में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागरसिंह चौहान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, विधायकगण, परिषद के सदस्य, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, प्रमुख सचिव जनजातीय विकास श्री गुलशन बामरा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### जनजातीय कल्याण में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। धार जिले में बटालियन में तीन चौथाई जनजातीय वर्ग के लोग शामिल करने की पहल हुई है। इसी तरह के प्रयास प्रदेश के पूर्वी अंचल में मंडला, डिण्डौरी और अन्य जिलों में भी होंगे। क्षेत्र विशेष की परिस्थितियों की दृष्टि से जनजातीय वर्ग के विकास के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं सभी त्योहार -कलेक्टर

## नवदुर्गा, ईद एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि जिले में सभी त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की परम्परा के अनुरूप भाईचारे के साथ नवदुर्गा, ईद, रामनवमी, गणगौर, महावीर जयंती, अम्बेडकर जयंती आदि त्यौहार मनाये जायें। उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी दिए। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नवदुर्गा, ईदुलफितर, रामनवमी, गणगौर, महावीर जयंती, अम्बेडकर जंयती आदि को लेकर शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिए कि नवदुर्गा, ईदुलफितर, रामनवमी, गणगौर, महावीर जयंती तथा अम्बेडकर जंयती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाए तथा नवदुर्गा के दौरान मंदिरो के आसपास साफ-सफाई कराई जाये। इसी प्रकार ईदुलफितर पर ईदगाह की ओर जाने वाले रास्तों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए। ईदगाह पर वाहनों के लिए पार्किंग स्थल का निर्धारण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ईद के दिन बिजली की व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा नलों के माध्यम से जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा शहरकाजी के जुलूस के रूप में ईदगाह पहुंचने वाले मार्ग पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाए। उन्होंने कहा कि शहर के जिन स्थानों पर ईद की नमाज होगी उनके आसपास भी साफ-सफाई की जाए। इसी प्रकार 6 अप्रैल को रामनवमी पर आयोजित जुलूस के मार्ग में साफ-सफाई के विशेष इंतजाम किये जायें तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। इसी प्रकार 30 मार्च से नवदुर्गा एवं 31 मार्च से शुरू होने वाले गणगौर उत्सव के दौरान भी सभी इंतजाम सुनिश्चित किये जायें। महावीर जंयती के अवसर पर 10 अप्रैल को सरावगी मोहल्ले से निकलने वाले जुलूस, हनुमान जयंती पर 12 अप्रैल को तथा अम्बेडकर जंयती 14 अप्रैल के अवसर पर आयोजित जुलूस मार्ग पर भी सफाई के विशेष इंतजाम किये जायें। इसके अलावा बोहरा समुदाय की ईद को दृष्टिगत रखते हुए बोहरा बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई कराने तथा सुलभ आवागमन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन ने बताया कि नवदुर्गा, ईदुलफितर, रामनवमी, गणगौर उत्सव, महावीर जयंती, हनुमान जयंती एवं अम्बेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों एवं जुलूस के दौरान पुलिस सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जायेंगे। शहर में जिन स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी वहां पर्याप्त पुलिसबल तैनात किया जाएगा।




एसडीएम एवं एसडीओपी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समन्वय करेंगे। ईदगाह पर पार्किंग की व्यवस्था भी की जाएगी तथा ईदगाह पर पर्याप्त संख्या में पुलिसबल तैनात रहेगा। इसी प्रकार रामनवमी पर आयोजित जुलूस के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था चॉक-चौबंद रहेगी, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अम्बेडकर जंयती पर आयोजित जुलूस तथा गणगौर मेले के दौरान भी सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किये जायेगे। शहरकाजी श्री अतीक उल्लाह कुरैशी ने बताया कि चॉद दिखने के आधार पर 31 मार्च अथवा 01 अप्रैल को ईदुलफितर की नमाज ईदगाह पर प्रातः 09 बजे होगी। इसके अलावा जामा मजिस्द में 8.30 बजे, मस्जिद कुमैदान में 8.45 बजे, बडा इमामबाडा पर 7.45 बजे, मस्जिद खान सैय्यद किला 8 बजे, मस्जिद बस स्टैण्ड के पीछे 8.30 बजे, सलापुरा में 8.15 बजे एवं मस्जिद नारनौल किला में 9.15 बजे नमाज होगी। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के सचिव श्री सतीश सिंहल ने बताया कि 6 अप्रैल को रामनवमी पर श्रीराम मंदिर किला परिसर से सांय 04 बजे जुलूस निकाला जायेगा। यह जुलूस मैन बाजार होकर श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर पहुंचेगा तथा आरती के उपरांत जुलूस वापस श्रीराम मंदिर पर रात्रि 11 बजे तक पहुंचेगा। खण्डेलवाल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष श्री सुरेशचंद जैन ने बताया कि महावीर जयंती पर 10 अप्रैल को सकल जैन समाज का प्रातः 8 बजे से जुलूस निकलेगा। बजरंग दल के जिला संयोजक श्री कुलदीप सिंह सिसौदिया ने बताया कि 12 अप्रैल को हनुमान जंयती के अवसर पर मेला ग्रांउड से जुलूस निकलेगा। श्री कांशीराम सेंगर ने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहब अम्बेडकर की जंयती अवसर पर अम्बेडकर पार्क, गांधी नगर, चैनपुरा बगवाज तथा अन्य स्थानों से जुलूस आयोजित होगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री दौलतराम गुप्ता, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती मिथलेश तोमर, बसपा जिला अध्यक्ष श्री गंगाधर जाटव, अंजुमन सदर श्री शब्बीर नागौरी, विश्व हिन्दु परिषद महामंत्री श्री विष्णु कुमार गर्ग, गणेश संस्थान अध्यक्ष श्री रामस्वरूप गर्ग, सचिव सेवा भारती श्री प्रद्युमन शर्मा, बक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष काजी असद उल्ला कुरैशी, मोहम्मद चीनी कुरैशी, श्रीमती उमा शर्मा, श्री बुन्दु खा, श्री जयदीप तोमर, श्री शेरू धूलिया, श्री जुगराज बैरवा, श्री मोहम्मद साबीर, श्री अनवर रंगरेज, श्री शिशुपाल मीणा, श्री हनीफ भाई, श्री अब्दुल लतीफ, श्री अखिलेश भदौरिया, श्री कृष्णकांत उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि श्री शहजाद अली, श्री रजाक खान, श्री हाफिज मोहम्मद आदिल आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# गौशालाओं में पानी, बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें-डीएम

## खाद्य सामग्री की शुद्धता की नियमित जांच करें, पंजीयन के लिए कैम्प लगायें, समय सीमा की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा है कि जिले में संचालित सभी गौशालाओं में पानी, बिजली की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जायें तथा गौशालाओं का पंजीयन करायें, इसके साथ ही जिले में कस्बा स्तर पर संचालित खाद्य सामग्री की शुद्धता की जांच भी नियमित रूप से की जायें तथा खाद्य सामग्री के सैम्पल लिये जायें। इसके साथ ही खाद्य वस्तुओं सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानदारों के पंजीयन करने हेतु कैम्प लगाये जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि गौशालाओं में पानी एवं बिजली की उपलब्धता के संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा सूची उपलब्ध कराई जाये। सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि मनरेगा के तहत जिले में 43 गौशालाएं स्वीकृत हुई थी, जिनमें से 41 पूर्ण हो गई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने पीएचई अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्राम ढेगदा में नलजल योजना अंतर्गत पेयजल टंकी के विधुत कनेक्शन को शहरी क्षेत्र की बिजली से जोडने के लिए स्टीमेंट बनाकर प्रस्ताव भेजा जायें। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा को निर्देश दिये कि आहार अनुदान योजना के तहत समस्याओं के निराकरण एवं नवीन स्वीकृति के लिए ग्राम स्तर पर कैम्प आयोजित किये जायें। उन्होने पीडीएस दुकानों से खाद्यान वितरण प्रणाली की सतत् निगरानी करने के निर्देश दिये तथा लापरवाही करने वाले पीडीएस विक्रेताओं पर कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया। कराहल विकासखण्ड के ग्राम निचलीखोरी में सडक निर्माण के संबंध में पीएमजीएसवाय के महाप्रबंधक श्री सतेन्द्र चौहान ने जानकारी दी कि पीएम जनमन योजना के तहत उक्त सडक मार्ग को शामिल करते हुए स्वीकृति के लिए भेजा गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को निर्देश दिये कि नगरपालिका के शव वाहन के अतिरिक्त आवश्यकता पडने पर अस्पताल में उपलब्ध शव वाहन का भी उपयोग किया जायें। इसके साथ ही बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि गत माह जिले की रैकिंग 17 रही है, सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों की ग्रेडिंग में ए रैंक प्राप्त करें तथा अगले माह टॉप-10 रैकिंग में आने का लक्ष्य रखकर शिकायतों का अधिक से अधिक सकारात्मक निदान सुनिश्चित करें।

**एम्बुलेंस मामले में एजेंसी को नोटिस जारी**

समय सीमा की बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि एम्बुलेंस से सवारियां ढोने के मामले में भोपाल स्तर पर एमडी द्वारा संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है, साथ ही इस माह का पेंमेंट भी होल्ड कर दिया गया है। उन्होने बताया कि एम्बुलेंस के ड्रायवर को टर्मिनेट करने की कार्यवाही भी की गई है।

## युवा संगम का आयोजन आईटीआई परिसर कराहल में 28 को, विभिन्न कंपनियो में उपलब्ध होंगे रोजगार के अवसर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लद्यु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास तथा रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम का आयोजन शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर कराहल में 28 मार्च को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री आशीष कुमार जैन ने बताया कि युवा संगम के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कंपनियो में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेगे। इस दौरान सैल्समैन, ऑफिस वर्कर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर, ऑपरेटर, आईसीआईसीआई एवं एचडीएफसी बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर एवं अन्य पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी योग्यता 5वी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक है, आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक निर्धारित है। इस अवसर पर ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते है, उन्हें विभिन्न स्वरोजगार मूलक विभागों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा तथा शासन की ओर से दी जाने वाली सहायता एवं योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। युवा संगम के दौरान ईगल सिक्योरिटी सर्विस, गुरूकृपा शिवपुरी, कंसलटेन्सी सुजुकी मोटर्स गुजरात, नौकरी फाई डाटकॉम, सिलवर पम्प, आयसर एकेडमी शिवपुरी, जमुना ऑटो मालनपुर, एलआईसी आदि कंपनी प्लेसमेंट के लिए उपलब्ध रहेगी।

## दिव्यांगजनो के मेडिकल बोर्ड से सर्टिफिकेट बनाये जाने शिविर लगेंगे, 27 को वीरपुर, 29 को विजयपुर में लगेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा श्योपुर जिले में 4 स्थानों पर दिव्यांगजनों के मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग सर्टिफिकेट यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने हेतु शिविर लगाये जा रहे है। यह शिविर 27 मार्च को पंचायत भवन वीरपुर में, 29 मार्च को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में, 3 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में तथा 8 अप्रैल को नगर परिषद कार्यालय बडौदा में लगायें जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरपालिका तथा नगर परिषद के सीएमओ को निर्देश दिये है कि उक्त तिथियो में ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायको के माध्यम से ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र नही बने है, उन्हें शिविर स्थल पर पहुंचाना सुनिश्चित करे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। उक्त शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश सीईओ और सीएमओ को दिये गये है।

# ट्राईबल विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यो की समीक्षा




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित ट्राईबल विभाग अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जिन कार्यो में आवंटन अप्राप्त है, उनमें आवंटन की मांग हेतु पत्र भेजा जाये। इसके साथ ही पीएम जनमन योजना के तहत पिपरानी, कलमी ककरधा, भेला-भीमलत, बंधाली में भी मल्टीपरपज सेंटर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश संबंधित एजेंसी आरईएस को दिये गये। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि वन विभाग से ग्राम पिपरानी, कलमी-ककरधा, भेला-भीमलत, बंधाली में बहु उद्देशीय केन्द्रों के निर्माण के लिए एनओसी प्राप्त हो चुकी है। इन स्थानों पर भी निर्माण कार्य शुरू किये जाये। इसके साथ ही उन्होने अन्य स्थानों पर संचालित एमपीसी के निर्माण कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। उल्लेखनीय है कि जिले में पीएम जनमन योजना के तहत 60-60 लाख रूपये की लागत से 24 स्थानों पर मल्टीपरपज सेंटर बनाये जा रहे है। इसी के साथ ही जन जातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित हायर सैकेण्डरी विद्यालय आवदा में 10 अतिरिक्त कक्ष निर्माण, जूनियर बालक छात्रावास आवदा, आदिवासी बालक आश्रम रानीपुरा एवं सेसईपुरा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहेला तथा जिला मुख्यालय पर 60 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास के निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा सहित आरईएस, पीआईयू, लोक निर्माण विभाग आदि के अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व जल दिवस के अवसर पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा माननीय श्री उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के कुशल मार्गदर्शन में एवं सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश, भिण्ड की अध्यक्षता में ''विश्व जल दिवस'' के अवसर पर पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश भिण्ड द्वारा उक्त शिविर के विषय के बारें में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सरलतम भाषा में समझाया गया। विश्व जल दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंन्द्रित करना है तथा आज के इस दौर में जल जो हमारी प्रकृतिक संपदा है वो ही हमें पैसे से खरीदना पड़ रहा है इससे ज्यादा हमारे लिए कठिन समस्या की बात क्या होगी, इसका एक कारण यही है कि हम जल का संरक्षण कम और दुर्पयोग ज्यादा कर रहे है एवं जल की महत्ता एवं उसकी हमारे जीवन में क्या भूमिका है इस बारें में सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि आज कई राज्य है जो भूजल की कमी के चरम बिंदु को पार कर चुके हैं। पानी के महत्व को समझाने और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हम हर साल विश्व जल दिवस मनाया जाता है। स्वच्छ और पीने वाले जल की आवश्यकता और जल संकट की स्थिति को हमे समझना चाहिए। इसके अतिरिक्त पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत बच्चों के साथ होने वाले साइबर अपराधों जैसे- हनी ट्रैप, ऑन लाइन पीछा करना, ट्रोलिंग, फिसिंग आदि के बारें में भी सरलतम भाषा में जानकारी प्रदाय की गई। उक्त अवसर पर उपस्थित एलएडीसीएस अधिवक्तागण द्वारा उपस्थितजनों को बताया गया कि महिलाए तथा बच्चें नियमानुसार निःशुल्क विधिक सहायता की पात्रता रखते हैं जिसका लाभ वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर/ पत्र के माध्यम से या टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्यक्रम में श्री अजय त्रिपाठी, सुश्री विदुषी राजावत एल.ए.डी.सी.एस. अधिवक्तागण, विद्यालय के प्राचार्य श्री अजय सक्सैना एवं विद्यालय के अध्यापकगण तथा श्री आकाश, पैरालीगल वॉलेंटियर्स भिण्ड उपस्थित रहे।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी मरीजों को पोषण किट का हुआ वितरित




**भिण्ड ब्यूरो।** आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत निक्षय शपथ लेकर, टीबी मुक्त अभियान की रैली निकाली गई तथा उसके उपरांत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारियों के सहयोग से टीबी मरीजों को फूड बास्केट (पोषण किट) प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. यादव एवं जिला क्षय केंद्र प्रभारी डॉ. देवेश शर्मा जिला क्षय अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। डॉ. जे.एस. यादव ने मरीजों को फूड बास्केट (निक्षय पोषण किट) प्रदान कर अभियान में अन्य समाजसेवी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों को साथ मिलकर आगे आकर टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आलोक शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ किशन राजावत, जिला चिकित्सालय के आरएमओ डॉ. आर.एस. कुशवाह, डॉ. प्रभात उपाध्याय, डीपीएम राजेश शर्मा, डीपीसी अवनीश दैपुरिया, प्रशांत भदौरिया, संजीवनी रक्तदान संगठन से बबलू सिंधी, श्रीमती रानू ठाकुर, रोमा शर्मा, सोनल जैन, रक्षा जैन, निशा पांडे समेत अन्य सदस्यों ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सक एवं अस्पताल स्टाफ भी मौजूद रहा। सभी ने इस पहल की सराहना की और टीबी मरीजों के पोषण और देखभाल की जरूरत पर जोर दिया। इस दौरान मरीजों को भुने चने, मूंगफली दाना, दालें, चावल, आटा एवं फल युक्त फूड बास्केट वितरित की गई। संगठन के सदस्यों ने इस नेक पहल को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि समाज में जरूरतमंद मरीजों को निरंतर सहायता मिलती रहे और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सके।सीएमएचओ डॉ जे.एस. यादव ने जिला क्षय केंद्र के इस प्रयास की सराहना की।

# जिले में ई-आफिस प्रणाली की शुरूआत, कलेक्टर ने अनुमोदित की पहली फाईल



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज पहली फाइल ऑनलाइन अनुमोदित करते हुए जिले में ई-आफिस प्रणाली की शुरूआत की गई। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ई-आफिस प्रणाली लागू किये जाने के संबंध में दिये गये निर्देशो के क्रम में जिले में आज से इसकी शुरूआत कर दी गई है। डीआईओ सुश्री सोनालिका रॉय ने बताया कि सभी विभागों के अधिकारियों को ई-आफिस प्रणाली के सुचारू संचालन के संबंध में 25 मार्च से 28 मार्च तक ई-दक्ष केन्द्र में दो पालियों में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, प्रशिक्षण प्रथम पाली में प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 3 बजे से सांय 6 बजे तक आयोजित होगा। ई-आफिस प्रणाली लागू होने से अब फाइल डिजिटल प्रारूप में ऑनलाइन मूव होगी तथा संबंधित अधिकारी द्वारा ऑनलाइन ही फाइल पर टिप्पणी अथवा अनुमोदन, आदेश किये जायेगे। इसके लिए डिजिटल सिगनेचर लगेगा। सभी विभागो के अधिकारियों तथा शाखा प्रभारियों को ई-मेल आईडी भी बना दिये गये है, जिससे फाइले विभाग अंतर्गत भी डिजिटल प्रारूप में भेजी जायेगी और वरिष्ठ अधिकारियों को आदेश अथवा अनुमोदन के लिए भी इसी प्रारूप में ऑनलाइन प्रस्तुत होगी। ई-गर्वेनेस प्रबंधक श्री धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि सभी अधिकारियों की आईडी, पासवर्ड बना दिये गये है, ई-आफिस प्रणाली से फाइल एक जगह से दूसरी जगह भेजने में आसानी होगी तथा डाटा सुरक्षित रहेगा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक, समीक्षा बैठक हुई आयोजित

## सीएम हेल्पलाइन एवं समय सीमा वाले विभागीय पत्रों का, निराकरण करने दिए निर्देश



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने समय सीमा वाले विभागीय पत्रों तथा गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा कर कहा कि सभी विभाग उनके यहां लंबित शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक करें जिससे जिले की ग्रेडिग में सुधार हो सके। कलेक्टर ने पीएम इंटर्नशिप योजना, सीपी ग्राम शिकायत, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों के निराकरण की समीक्षा, सीएम एवं सीएस मॉनिट, शासकीय कार्यालय की बकाया विद्युत राशि, सार्थक ऐप, टीएल पत्र निराकरण की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिऐ।

# 25 मार्च को कक्षा 12वीं के गणित विषय की परीक्षा होगी आयोजित

## परीक्षा में सभी छात्रों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 08 बजे तक, पहुँचना अनिवार्य होगा

**भिण्ड ब्यूरो।** माध्यमिक शिक्षा शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा दिनांक 25 मार्च 2025 को कक्षा 12वीं के गणित विषय की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा में सभी छात्रों को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 08: 00 बजे तक पहुँचना अनिवार्य होगा। प्रातः 08: 30 के बाद प्रवेश नहीं दिया जायेगा। सभी पालक अपने बच्चों को निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री नहीं ले जायें, मोबाइल, घडियाँ, इलेक्ट्रोनिक उपकरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

## मृतक को चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**भिण्ड ब्यूरो।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद द्वारा तहसीलदार मौ के प्रतिवेदन पर से ग्राम खेरिया चांदन निवासी जयंत पुत्र हरगोविन्द की मृत्यु जहरीले सर्प द्वारा काटे जाने से उनके वैद्य वारिस पिता हरगोविन्द पुत्र मेघ सिंह निवासी ग्राम खेरियाचांदन को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# श्रीमद् भागवत में हुई कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा



**झुण्डपुरा।** कस्बे के बस स्टैंड के पास मंशा पूर्ण हनुमानजी के सान्निध्य में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से आचार्य पंडित संतोष सारस्वत महाराज ने कंस वध व रुकमणी विवाह , उद्धव चरित्र के प्रसंगों का चित्रण किया। आचार्य संतोष सारस्वत जी ने बताया कि भगवान विष्णु के पृथ्वी लोक में अवतरित होने के प्रमुख कारण थे, जिसमें एक कारण कंस वध भी था। कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राह - त्राह जब करने लगी तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे। तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया, वही कंस के द्वारा अपने पिता उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी श्रीकृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया। उन्होंने बताया कि रुकमणी जिन्हें माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। वह विदर्भ साम्राज्य की पुत्री थी, जो विष्णु रूपी श्रीकृष्ण से विवाह करने को इच्छुक थी। लेकिन रुकमणी जी के पिता व भाई इससे सहमत नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने रुकमणी के विवाह में जरासंध और शिशुपाल को भी विवाह के लिए आमंत्रित किया था, जैसे ही यह खबर रुकमणी को पता चली तो उन्होंने दूत के माध्यम से अपने दिल की बात श्रीकृष्ण तक पहुंचाई और काफी संघर्ष हुआ युद्ध के बाद अंततः श्री कृष्ण रुकमणी से विवाह करने में सफल रहे। कथा व्यास संतोष सारस्वत जी का एडवोकेट नरेन्द्र देव रविकर, एडवोकेट राजेन्द्र सिंह जादौन,आर के शर्मा,अन्नू सिंह जादौन,डा शरद शर्मा एडवोकेट अशोक गुप्ता यशकांत शर्मा उपाध्यक्ष, दिनेश गुप्ता, सुनील गोयल ने फूल माला अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

# पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**ग्वालियर।** पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम अन्तर्गत जिले में सोमवार से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन महिला एवं बाल विकास विभाग का शहरी परियोजना क.-1 के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का डॉ0 भगवत सहाय महाविद्यालय में, शहरी क.-02 के कार्यकर्ताओं का शासकीय रानी झलकारीबाई महाविद्यालय, मुरार परियोजना अधिकारी का रीजनल मीडिया रिसोर्स सेंटर में एवं परियोजना कार्यालय शहरी क.-05 द्वारा होटल साया इन ग्वालियर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस 3 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कुल 12 सत्रों में अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण किया जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दक्षता में वृद्धि की जावेगी। प्रशिक्षण का निरीक्षण संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास संभाग श्रीमती सीमा शर्मा द्वारा किया गया। संयुक्त संचालक श्रीमती सीमा शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की। उन्होंने खासतौर पर शालापूर्व शिक्षा, कुपोषण, पूरक पोषण आहार एवं शालापूर्व शिक्षा के दौरान बच्चों में होने वाले शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, भाषा व सामाजिक विकास के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण के दौरान विशेष तौर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पूर्व टेस्ट भरवाया जाकर उनमें ज्ञान के स्तर का आंकलन किया जा रहा है। साथ ही 03 से 06 वर्ष के बच्चों में विकास के लिये कौन-कौन से क्षेत्र हो सकते है पर चर्चा हो रही है। हर आंगनबाड़ी केन्द्र में ईसीसीई के लिए अलग-अलग खेलों व गतिविधियों के माध्यम से एवं वीडियो दिखाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे प्रशिक्षण से वापस जाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों में उसका क्रियान्वयन कर सकें। इसी तरह प्रशिक्षणार्थियों को आंगनबाड़ी क्षेत्र में किये जाने वाले प्रमुख कार्य कुपोषण व उसकी पहचान किस प्रकार करें, कुपोषण का प्रबंधन व कारण तथा इस पर क्षेत्र में जाकर किस प्रकार कार्य करें, इसकी विधि भी बताई जा रही है। कुपोषण के कारण, पोषण के अलावा अन्य घटक व साफ-सफाई के साथ जन्म से 6 माह, 06 माह से 03 वर्ष व 03 से 06 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में पोषण की मात्रा व पोषण में विविधता किस प्रकार रखी जाये। साथ ही बच्चों के विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्वों कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन व सूक्ष्म पोषक तत्वों आयरन, विटामिन, कैल्सियम, आयोडीन आदि की पूर्ति हो सके। इस विषय पर वीडियो दिखाकर मास्टर ट्रेनर द्वारा चर्चा कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण स्थलों पर परियोजना अधिकारी शहरी क.-01 श्री मनोज कुमार गुप्ता, परियोजना अधिकारी, मुरार श्री सुनील शर्मा, परियोजना अधिकारी, शहरी क.-02 श्री राघवेन्द्र धाकड, परियोजना अधिकारी, शहरी क.-05 श्रीमती रेखा तिवारी एवं विभिन्न परियोजना कार्यालयों से मास्टर ट्रेनर्स के रूप मं चयनित पर्यवेक्षक भी मौजूद रहीं।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन डब्ल्यूएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**ग्वालियर।** स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्य में लापरवाही बरतने पर वार्ड 47 प्र. डब्ल्यूएचओ श्री राम सिंह, वार्ड 48 प्र. डब्ल्यूएचओ श्री राजेन्द्र घई, वार्ड 44 प्र. डब्ल्यूएचओ श्री लोकेन्द्र चंडालिया (विनियमित) को कारण बताओ नोटिस जारी। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव के जारी आदेशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण की वी.सी.में जोन क्रमांक 19 व 20 जेड.ओ. द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा डब्ल्यु.एच.ओ. वार्ड क. 47 वार्ड क. 48 व वार्ड 44 को साफ सफाई व्यवस्था संबंधित दिशा निर्देश दिये गये थे। परंतु डब्ल्यु.एच.ओ. द्वारा दिशा निर्देशों को पालन नहीं किया गया। वार्ड में साफ सफाई संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशों का पालन करना आपका दायित्व है। परन्तु आपके द्वारा इन दिशा निर्देशों का पालन न करना आपका अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासनहीनता दर्शाता है। आप अपना जवाब अंदर 03 दिवस में स्वास्थ्य विभाग में प्रस्तुत करे।

# सूने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चुराने वाले एक शातिर नकबजन को पुलिस ने चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

## पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी के कब्जे से एक चाँदी जैसी धातु की गाय, पायले तीन जोड़ी, दो जोड़ी बिछिया, 10 सिक्के एवं सोने जैसे धातु की एक जोड़ी टॉप्स कुल जप्त मषरूका कीमती लगभग एक लाख रूपये का जप्त किया गया।



**ग्वालियर।** फरियादिया ममता तिवारी पत्नी स्व श्री सत्यप्रकाश तिवारी उम्र 55 साल निवासी काशीनरेश की जहाँगीर कटरा ग्वालियर ने थाना पर रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 03.02.2025 को वह दिन में अपनी लडकी के घर मुरार गई थी और दिनाक 04.02.2025 को सुबह मेरे पडौसी ने फोन कर बताया कि तुम्हारे घर का ताला खुला है तो मै अपनी लड़की तथा दामाद के साथ अपने घर जहाँगीर कटरा पहुँची और घर के अन्दर जाकर देखा तो मेरे घर की किचन के गेट खुले हुए थे तथा कमरे के दरवाजे खुले हुए थे तथा अन्दर के कमरे मे रखी दो अलमारी तथा एक दूसरे कमरे में रखी अलमारी के लॉक टूटे हुए थे तथा अलमारी का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। मैने अपने सभी अलमारियों में रखा सामान चेक किया तो उन अलमारियों में रखे एक जोडी कानों के टॉक्स, नथुनी, दो सोने की अंगूठी, चार जोड़ी चाँदी की पायल, कुछ चाँदी के बिछिया तथा चाँदी के कुछ सिक्के तथा नगदी 20,000 रूपये नही मिले, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गयाफ फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना ग्वालियर में अप0क्र0 74/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामला संज्ञान में आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक (मध्य) ग्वालियर श्रीमती सुमन गुर्जर को उक्त चोरी के प्रकरण के आरोपियों की शीघ्र पतारसी कर गिरफ्तारी हेतु थाना ग्वालियर पुलिस की टीम को लगाने के निर्देष दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ग्वालियर निरीक्षक मिर्जा आसिफबेग के द्वारा थाना बल की टीम को उक्त प्रकरण में वांछित आरोपियों की पतारसी कर धरपकड़ हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पतारसी हेतु आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 23.03.2025 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना ग्वालियर के अप.क्र. 74/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस में चोरी की घटना करने वाला शातिर चोर सागर ताल मल्टी के पास खड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो वहां पर मुखबिर की बताए हुलिया का एक आदमी खड़ा दिखा जिसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे धरदबोचा। पकड़े गये संदिग्ध का नाम पता पूछा तो उसने जाटव पुरा थाना बहोडापुर जिला ग्वालियर का होना बताया। ग्वालियर पुलिस उक्त चोरी की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना करना बताया। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी की निषादेही पर उसके किराये के कमरे बरा गाँव जाटव मौहल्ला से एक चाँदी जैसी धातु की गाय, पायलें तीन जोडी, दो जोडी बिछिया, 10 सिक्के एवं सोने जैसे धातु की एक जोडी टॉप्स जप्त किये गये। पकडा गया आरोपी चौकीदारी का काम करता है। थाना ग्वालियर पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी को उक्त अपराध में विधिवत गिरफ्तार कर उससे क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**जप्तशुदा मालः-** एक चाँदी जैसी धातु की गाय, पायले तीन जोड़ी, दो जोड़ी बिछिया, 10 सिक्के एवं सोने जैसे धातु की एक जोड़ी टॉप्स कुल जप्त मषरूका कीमती लगभग एक लाख रूपये।

**सराहनीय भूमिकाः-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ग्वालियर निरीक्षक मिर्जा आसिफ बेग, उनि0 संजय शर्मा, सउनि0 हरीराम नागर आर0 विवेक तोमर, आर0 राहुल भदौरिया, आर0 अर्जुन सिकरवार, आर0 ब्रजकिशोर भदौरिया, आर0 रोहित कौरव की सराहनीय भूमिका रही।

# रोटरी मेडिकल कैंप के लिए मुरैना शहर में बसों के लिए निर्धारित रूट किये चिन्हित

**मुरैना,कांस।** रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन एवं राजकृष्ण एवं तन्खा फाउण्डेशन के सहयोग से एक निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य मिशन का आयोजन मुरैना में 26 मार्च से 02 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु विभिन्न स्थानों से शहर मुरैना में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी।

**बसों हेतु मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था-** जिला भिण्ड एवं अम्बाह, पोरसा से आने वाली बसों हेतु अम्बाह आईपास होते हुए ए. बी. रोड.से के. एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मंडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा/पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी।श्योपुर, सबलगढ, कैलारस एवं जौरा से आने वाली बसों हेतु माँ बेटी चौराहे से बाएं ओर मुडकर, के.एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी। ग्वालियर, बानमौर नूराबाद से आने बसें ए.बी. रोड.से के. एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी।धौलपुर, सरायछोला से आने वाली ए.बी. रोड.से के.एस. फेक्ट्री चौराहा, नैनागढ रोड से गल्ला मडी मुरैना होते हुए पुराना शुक्ला होटल चौराहा/पुराना बस स्टेण्ड पार्किंग पर रुकेगी।

**दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो हेतु मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था-** समस्त दो पहिया एवं चार पहिया वाहन सामान्य रुप से किसी भी मार्ग का उपयोग करते हुए संग्रहालय चौराहा व पुराना बस स्टेण्ड चौराहा एवं व्ही. आई.पी. मार्ग होते हुए निशुल्क रोटरी मेगा हेल्थ कैंप पुलिसपरेड ग्राउंड मुरैना हेतु पहुँच कर निर्धारित पार्किंगस् में खडे होगें। व्ही.आई.पी. चार पहिया वाहनो हेतु पार्किंग स्थल एस.ए.एफ नवीन सामुदायिक भवन के बाऐं तरफ से एस. ए. एफ केन्टीन तक एवं एस.ए.एफ. केन्टीन से मन्दिर तक रहेगी।चार पहिया वाहनों हेतु एस. ए. एफ. केन्टीन के पीछे एवं एस.ए.एफ नवीन सामुदायिक भवन के दाहिनीतरफ रहेगी ।दो पहिया वाहनो की पार्किंग पोस्टमार्टम हाउस के पास परेड ग्राउंड के बगल में स्थित पुलिस मेरिज गार्डन / पुलिस सिलाई केन्द्र में रहेगी।उपरोक्त में से कोई भी मार्ग र्कसी र्वशेष प्रयोजन (यथा व्ही.आई.पी. मार्ग व्यवस्था) की स्थिति में प्रतिबंधित किया जा सकता है।

# भाजपा कार्यालय पर बैठक संपन्न




**मुरैना,कांस।** मुरैना में बीजेपी के जिला कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित हुई है, इस बैठक में वन नेशन-वन इलेक्शन पर चर्चा हुई है, क्योंकि बीजेपी एक देश-एक चुनाव को लेकर जनजागरुकता अभियान चलाने वाली है, जिसमें घर-घर जाकर लोगों को वन नेशन-वन इलेक्शन के फायदे बताए जाएंगे,इसकी शुरुआत मध्य प्रदेश से हुई है, मुरैना में हुई बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह,वन नेशन-वन इलेक्शन की जिला टोली के संयोजक और भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, संजय डण्डौतिया, दिलीप डण्डौतिया सुमावली विधानसभा संयोजक ब्रजकिशोर डण्डौतिया,अम्बाह विधानसभा संयोजक बच्चुलाल गुप्ता, सबलगढ़ विधानसभा संयोजक अखिलेश जादौन, मुरैना विधानसभा संयोजक अभिषेक गांगिल,जौरा विधानसभा संयोजक बृजेश बंसल, दिमनी विधानसभा संयोजक राकेश तोमर चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ शिवनाथ तोमर, एन जी ओ प्रकोष्ठ से राकेश गुप्ता बैठक में शामिल हुए थे, जिसमें अभियान को लेकर अहम चर्चा हुई है.

**बीजेपी चलाएगी अभियान**

बीजेपी वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए अभियान चलाएगी, जिसकी शुरुआत मुरैना शहर से ही की जाएगी और फिर इसे पूरे जिले में चलाया जाएगा. भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया ने बैठक के बाद बताया कि देश में एक वन नेशन-वन इलेक्शन के लिए मंथन होना चाहिए, आज की हमारी बैठक में इसी मुद्दे पर चर्चा हुई है, इस अभियान को जिले भर में चलाने के लिए जिला टीम बनाई गई है विधानसभा स्तर पर संयोजक बनाए गए हैं आज उन्ही की बैठक आयोजित की गई है जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा हुई कि कैसे जिले के ज्यादा से ज्यादा लोगों के पास जाकर इसका महत्व समझा सकें, क्योंकि यह एक देश एक चुनाव का फॉर्मूला संविधान के मूल संरचना का रूप है. पीएम मोदी का भी यह विजनरी स्टेप है!

**राजनीतिक स्थिरता आएगी**

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक संजय शर्मा ने कहा कि एक देश एक चुनाव से देश में राजनीतिक स्थिरता आएगी, सरकारें पूरे पांच साल तक कम करेंगी. क्योंकि यह फैसला बहुआयामी फायदे देने वाला होगा. क्योंकि वोटर का मूल्य क्या है प्रजातंत्र में उसका महत्व क्या है, इसकी सोच अब बड़ी है, वहीं प्रशासनिक अमला जो साल भर चुनावों ही लगा रहता है वो नहीं होगा इससे एक पॉलिटिकल स्टेबिलिटी आएगी, खर्चा भी कम होगा और सामाजिक ढांचा भी सुधरेगा. देश की जनता जो सरकार चुनेगी वह पांच साल तक काम करेगी, उसके बाद जनता को ही यह अधिकार होगा कि वह पांच साल बाद किसको लाना चाहती है, इसलिए वन नेशन वन इलेक्शन देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा!

**संजय डण्डौतिया, जिला सह मीडिया प्रभारी भाजपा मुरैना**

# क्षेत्र का विकास ही मेरा मकसद है : केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

## केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने भितरवार क्षेत्र के अनेक विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## भितरवार में बनेगा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम

**ग्वालियर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि क्षेत्र का विकास ही मेरा मकसद है। विकास को गति देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने सोमवार को जिले के भितरवार क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने भितरवार में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय का लोकार्पण, नगर पंचायत भवन का लोकार्पण, अमृत योजना के अंतर्गत जल प्रदाय योजना एवं पाँच विद्युत सब स्टेशन का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भितरवार विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री कौशल शर्मा एवं श्री वीरेन्द्र जैन सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में विकास के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। भितरवार क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिये हर संभव प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के चहुँमुखी विकास के लिये कार्य किए जा रहे हैं। भितरवार क्षेत्र में भी विकास की अनेक परियोजनायें शुरू की गई हैं, जिनके सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि नागरिकों की मांग पर मोहना में भी शीघ्र ही सीएम राइज स्कूल स्थापित कराने के सार्थक प्रयास किए जायेंगे। क्षेत्र के विकास के लिये अनेक सड़कों का निर्माण भी केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किया गया है, जिससे भितरवार भी अब मुख्य धारा में जुड़ गया है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में ग्वालियर-चंबल संभाग में विकास के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में ग्वालियर व चंबल संभाग की तस्वीर और तकदीर बदली-बदली नजर आयेगी। उन्होंने कहा कि विद्युत के क्षेत्र में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। आम उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत आपूर्ति हो, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। डबरा एवं भितरवार क्षेत्र में विद्युत के उप सब स्टेशन निर्माण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। विद्युत के क्षेत्र में कोई भी समस्या हो तो उसके निराकरण के लिये हम हर संभव प्रयास करेंगे। भितरवार क्षेत्र के विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सम्पूर्ण प्रदेश की तरह भितरवार क्षेत्र में भी विकास के अनेक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मात्र 365 दिन में 679 करोड़ रूपए के 556 काम भितरवार विधानसभा क्षेत्र में किए गए हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में भितरवार क्षेत्र के अनेक विकास कार्यों का आज भूमिपूजन भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

विधायक निधि से 2 करोड़ 19 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम का भूमिपूजन, एक करोड़ 15 लाख 50 हजार रूपए की लागत से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का लोकार्पण, 89 लाख रूपए की लागत से निर्मित नगर पंचायत भवन का लोकार्पण, पाताली हनुमान से श्री गोलेश्वर महादेव तक एक करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत सड़क निर्माण, अमृत योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 45 लाख रूपए की लागत से जल प्रदाय का कार्य, 3 करोड़ 60 लाख रूपए लागत से गिजौर्रा विद्युत सब स्टेशन, 2 करोड़ 34 लाख रूपए की लागत से रिछारीखुर्द सब स्टेशन, 2 करोड़ 33 लाख रूपए की लागत से सालवई विद्युत सब स्टेशन, 2 करोड़ 84 लाख रूपए लागत से सिमिरिया ताल विद्युत सब स्टेशन एवं एक करोड़ 98 लाख रूपए लागत से गढ़ी बरखेड़ा विद्युत सब स्टेशन कार्य का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है।

**केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने किया राजस्व कार्यालय भवन का लोकार्पण**

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भितरवार में एक करोड़ 15 लाख 50 हजार रूपए लागत से नवनिर्मित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय के नए भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भितरवार विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, पूर्व मंत्री श्री इमरती देवी एवं कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रुचिका चौहान व प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भितरवार के निवासी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इस मौके पर कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

# गुलाबपुरी मुरार स्थित सूने घर से चोरी करने वाले दो शातिर नबकजनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर चोरों को पकड़ने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर के निर्देशों के अनुक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर के द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटनाओं का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी मुरार श्री राजीव जंगले के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय द्वारा बड़ागांव चौकी प्रभारी उनि0 दिनेष सिंह के नेतृत्व में थाना बल की एक टीम को थाने के अप0क्र0 103/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस के प्रकरण का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही केमरे चेक किये गये एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर कुछ संदेहियों को चिन्हित किया गया तथा उनकी पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दिनांक 21.03.2025 को पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण के संदेही मेला ग्राउंड में देखे गये है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम ने मेला ग्राउंड में जाकर देखा तो मुखबिर बताये एवं सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रहे संदेहियों के हुलिया के दो संदिग्ध व्यक्ति खडे दिखे, जिन्होने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा दोनों संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये दोनों संदेहियों से नाम पता पूछने पर पहले ने स्वयं को ग्राम गिलोर थाना नदीगांव जिला जालौन उ0प्र0 हाल- गोदाम बस्ती ठाठीपुर, जिला ग्वालियर एवं दूसरे ने पगारा रोड़ चौराहे के पास थाना जौरा जिला मुरैना का रहने वाला बताया। पकड़े गये दोनों संदेहियों से थाना मुरार के उक्त प्रकरण के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गये दोनों नकबजनों से चोरी के माल मषरूका के संबंध में पूछताछ की गई तो ग्राम गिलोर थाना नदीगांव जिला जालौन निवासी नकबजन ने चुराई गई सीपी प्लस कंम्पनी की डीव्हीआर को मेहरा कॉलोनी के पीछे मुरार नदी में फेंकना बताया, जिसे पुलिस टीम द्वारा उक्त डीव्हीआर को मुरार नदी में तलाष कर विधिवत जप्त की गई तथा चोरी करते समय मकान के ताले तोड़ने में जिन सब्बलों को उपयोग किया गया था उन दो सब्बलों को भी उक्त नकबजन की निषादेही पर जप्त किया गया। दूसरे जौरा जिला मुरैना निवासी नकबजन ने उसके हिस्से में मिले पैसों से प्लास्टिक का सामान व टेडीवीयर आदि खरीदना बताया जिसे उसके घर पर रखा होना बताया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चोर की निषादेही पर उसके निवास से जिला मुरैना से प्लास्टिक का सामान व टेडीवीयर आदि सामान जप्त किया गया। पकड़े गये दोनों नकबजनों को थाना मुरार के अपराध सदर में गिरफ्तार किया। थाना मुरार पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों नकबजनों से उनके अन्य साथियों एवं शेष माल मषरूका के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। ग्वालियर पुलिस घटना का विवरणः- दिनांक 05.03.2025 को फरियादी कृतध्वज दांतरे निवासी गुलाबपुरी मुरार ने थानें में रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 3/4.03.2025 की दरमियानी रात्रि को उसके सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, नगदी करीब 2,50,000/- रुपये, सीसीटीव्ही कैमरे का एक डीव्हीआर कुछ अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मुरार में अप.क्र. 103/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**बरामद मशरूकाः** चोरी की सीपी प्लस कंम्पनी की डीव्हीआर, प्लास्टिक का सामान व टेडीवीयर आदि व ताला तोड़ने में उपयोग किये गये दो सब्बल किये जप्त।

**सराहनीय भूमिकाः** थाना प्रभारी मुरार निरी0 मदन मोहन मालवीय, चौकी प्रभारी बड़ागांव उनि0 दिनेष सिंह, आर0 नरेश भोज, नीरज यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# बाल भवन की बढी सुंदरता बनाएं सेल्फी पाइंट




**ग्वालियर।** बालभवन की सुंदरता को बढ़ाने के लिए नगर निगम द्वारा सेल्फी पाइंट बनाएं गए हैं। जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार बालभवन में नवीन सेल्फी पाइंट बनाए गए हैं। इनमें पार्क की दीवारों पर आकर्षक लाइटिंग लगाकर सुंदर कलाकृतियां बनाई गई है, जो कि पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रही हैं।

# ई आफिस के लिए 31 मार्च तक ईमेल आईडी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं - कलेक्टर

**रीवा।** प्रशासनिक कार्यों तथा फाइलों के निराकरण के लिए ई आफिस प्रणाली लागू की जा रही है। इसके माध्यम से फाइलें ऑनलाइन एक विभाग से दूसरे विभाग तथा एक अधिकारी से दूसरे अधिकारी के पास जाएंगी। डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से इनका निराकरण होगा। इसके लिए फाइलों पर टीप अंकित करने वाले अधिकारियों और कार्यालय सहायकों की ईमेल आइडी तैयार की जा रही है। ईमेल आईडी पर ही फाइलें प्राप्त होंगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को 31 मार्च तक ई आफिस व्यवस्था के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ई मेल आईडी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अधिकारी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से संपर्क करके अपने कार्यालय को ई आफिस में ऑनबोर्ड कराने के लिए एम्पलाई मास्टर डाटा (ईएमडी) फाइल की एक्सल शीट जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को उपलब्ध कराएं। इसे मोबाइल नम्बर 8010903546 अथवा ई मेल एमपी आरईडब्ल्यू एट द रेट एनआईसी डॉट इन पर भी उपलब्ध कराया जा सकता है।


**कार्यालय कलेक्टर, (खनि शाखा) जिला श्योपुर (म.प्र.)**

E-mail modgmshe@mp.gov.in

क्र. / खनि / 3–6 / क्यू.एल.109 / 2025 / 3589 श्योपुर दिनांक 20 / 03 / 2025

म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1–क) के अन्तर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री जतिन राजपूत पुत्र श्री ओमप्रकाश राजपूत निवासी ग्राम खिरखिरी तह. कराहल जिला श्योपुर (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.03.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक **25 अप्रैल 2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति** उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनि पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेगें।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्योपुर | कराहल | खिरखिरी | 166 | कुल रकवा 13.753 हे. में से आवेदित रकवा 3.000 हे. | शासकीय | गिट्टी, बोल्डर, एम–सेण्ड व मुरूम | |
| आवेदित क्षेत्र | | | | 3.000 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतित तिथि तक 03 अथवा उस्से अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आावेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को म0प्र0 गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा ज़ाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया ज़ाएगा।

खनि अधिकारी
(खनि शाखा)
जिला श्योपुर (म.प्र.)

G-24707/24

## संपादकीय

# जब दो 'फर्स्ट' टकराएं

बात टिप्पणियों की हो, या ठोस कदमों की- ट्रंप ने भारत के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई है। ऐसे में 'इंडिया फर्स्ट' और ट्रंप शासन के बीच बराबरी के स्तर पर तालमेल कैसे बन सकता है, यह लाख टके का सवाल है। प्रधानमंत्री ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन से कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से उनके लगाव का आधार यह है कि वो दोनों अपने-अपने राष्ट्रों को सर्वोपरि रखते हैं। उन्होंने 'अमेरिका फर्स्ट' के प्रति ट्रंप की प्रतिबद्धता की दिल खोल कर तारीफ की और जोड़ा कि 'मैं भी अपने राष्ट्र को सर्वोपरि रखने में यकीन करता हूं'। यूरोप से लेकर उत्तर अमेरिका एवं एशिया के विकसित देशों से लेकर विकासशील दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में नरेंद्र मोदी की इस टिप्पणी को संभवतः कौतुक-भरी प्रतिक्रिया के साथ सुना गया होगा। इसलिए कि ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति से यूरोप से लेकर कनाडा, मेक्सिको और दक्षिण कोरिया तक में पुराने सहयोग टूटने की आशंका छायी हुई है। ग्लोबल साउथ के जिन हिस्सों पर ट्रंप का डंडा पड़ा है, वहां व्यग्रता का माहौल है। वैसे भारत भी उनकी नीतियों के प्रभाव से बचा हुआ नहीं है। भारतीय कारोबार जगत के एक-एक हिस्से में अमेरिकी बाजार में टैरिफ की खड़ी हो रही बाधाओं से जैसी चुनौती आ खड़ी हुई है, उससे वहां फैली बेचैनी की झलक रोज मीडिया की सुर्खियों में देखने को मिलती है। यह स्पष्ट हो चुका है कि ट्रंप के नजरिए में दोस्त, सहयोगी, प्रतिस्पर्धी और दुश्मन के बीच ज्यादा फर्क नहीं है। उनका पैमाना है कि किससे 'अमेरिका फर्स्ट' के लिए कितना फायदा मिल सकता है। उनकी शैली का दूसरा प्रमुख जाहिर हुआ पहलू है कि वे शक्ति का सम्मान करते हैं। उनकी नजर में जिसके पास ताकत है, उससे वे विशेष ढंग से पेश आ रहे हैं। जो इस श्रेणी में नहीं आते, उनके लिए उनका संदेश है कि 'अमेरिका फर्स्ट' के अनुरूप ढल जाओ अथवा अमेरिकी ताकत को भुगतने के लिए तैयार रहो! ऐसा नहीं लगता कि वे भारत को शक्तिशाली देशों की श्रेणी में गिनते हैं। बात टिप्पणियों की हो, या ठोस कदमों की- उन्होंने भारत के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई है। ऐसे में 'इंडिया फर्स्ट' और ट्रंप शासन के बीच बराबरी के स्तर पर तालमेल कैसे बन सकता है, यह लाख टके का सवाल है। तो क्या मोदी भी शक्ति के अनुरूप सम्मान और अपमान का नजरिया रखते हैं?

# पत्रकार लिखते ही नहीं हैं शहीद भी होते हैं

(दिनेश चंद्र वर्मा - विनायक फीचर्स)

**गणेश शंकर विद्यार्थी : बलिदान दिवस 25 मार्च**



आज जब पत्रकारिता मात्र व्यवसाय में परिवर्तित हो गई है, तब यह प्रश्न भी उठता है कि क्या पत्रकारों का काम लिखना मात्र ही है? इस प्रश्न का उत्तर दुनिया के अन्य देशों के पास हो ना हो, भारत की पत्रकारिता के पास अवश्य है। भारत में पत्रकारिता का उद्भव और विकास केवल लिखने के लिये नहीं हुआ, अपितु भारतीय पत्रकारिता ने शहादत के सुनहरे अध्याय भी लिखे हैं। स्व. गणेश शंकर विद्यार्थी का जीवन और बलिदान इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। बलिदानी पत्रकार गणेशशंकर विद्यार्थी इसी दृष्टि से न केवल भारतीय पत्रकारिता के अपितु विश्व पत्रकारिता के प्रेरणापुंज बन गये हैं। वस्तुतः उनका जीवन पत्रकारिता का ऐसा आदर्श है, जिसमें तत्कालीन समाज, देश और काल का आवश्यकताओं का संपूर्ण समावेश था। राष्ट्र और समाज के लिये अपने जीवन की आहुति देकर विद्यार्थी जी ने जो उदाहरण उपस्थित किया है, वह पत्रकारों के लिये ही नहीं अपितु देश और समाज के लिये भी एक अनुपम उदाहरण है। विदिशा और मुंगावली में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात गणेश शंकर जी को विद्या अध्ययन हेतु अपने बड़े भाई श्री शिवव्रत नारायण के पास कानपुर जाना पड़ा। कानपुर के क्राइस्ट चर्च कालेज से उन्होंने उच्च श्रेणी में एन्ट्रेन्स परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद विद्या अध्ययन हेतु वे इलाहाबाद गये। इलाहाबाद में उनकी भेंट कर्मवीर सुंदरलाल जी से हुई। फलस्वरूप विद्यार्थी जी सुंदरलाल जी के पत्र कर्मयोगी के अतिरिक्त स्वराज्य में भी राजनीति और क्रांतिकारी लेख लिखने लगे। इन लेखों में स्वतंत्रता के प्रति उनकी तड़प उजागर होती थी। इसके उपरांत उन्होंने सरस्वती में उपसंपादक का कार्य करना शुरू किया। इलाहाबाद में सरस्वती में काम करने के साथ उनका महान पत्रकार, समाजसेवी एवं राजनेता पंडित मदनमोहन मालवीय से संपर्क हुआ। मालवीय जी से प्रभावित होकर विद्यार्थी जी ने अभ्युदय नामक समाचार पत्र में काम करना शुरू किया, जो स्वयं मालवीय जी निकालते थे। इस अवधि में उनका देश के क्रांतिकारियों से भी संपर्क हुआ। सरदार भगत सिंह, विद्यार्थी जी को अपना गुरू मानते थे। चंद्रशेखर आजाद, बटुकेश्वर दत्त, सुखदेव और राजगुरू सरीखे अमर क्रांतिकारियों से विद्यार्थी जी के इस अवधि में निकट संबंध रहे। दूसरी ओर अहिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय नेताओं से भी उनके मधुर संबंध थे। गांधीजी उन्हें अहिंसा का पुजारी कहते थे। अभ्युदय में विद्यार्थी जी को बीस रुपये मासिक वेतन मिलता था, पर इसके बदले में उन्हें रात-दिन मेहनत करनी पड़ती थी। अधिक मेहनत के कारण विद्यार्थी जी बीमार हो गये और काफी समय तक अस्वस्थ रहे। बीमारी से उठने के बाद विक्रमी संवत् 1970 की देवोत्थान एकादशी अर्थात 9 नवम्बर 1913 को विद्यार्थी जी ने कानपुर से प्रताप का प्रकाशन एवं संपादन प्रारंभ किया। प्रताप उन दिनों राष्ट्रीयता और देशभक्ति का प्रतीक पत्र था। उसके प्रथम पृष्ठ पर यह पंक्तियां अंकित रहती थी।

जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है।

वह नर नहीं नर पशु निरा और मृतक समान है।

प्रताप पहले साप्ताहिक समाचार पत्र था, पर वह जनता में इतना लोकप्रिय हो गया कि सात वर्ष बाद वह दैनिक के रूप में प्रकाशित होने लगा। प्रताप ने देशभक्ति का जो उद्घोष किया उससे विद्यार्थी जी अंग्रेजों की आंख की किरकिरी बन गये। उन्हें पांच बार जेल यात्रा करनी पड़ी। प्रताप उन दिनों देश के स्वतंत्रता संग्राम की धुरी में परिवर्तित हो चुका था। विद्यार्थी जी और उनका प्रेम क्रांतिकारियों के लिये शरणस्थली था। श्री भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, बटुकेश्वर दत्त, शचिंद्र सान्याल, रामेंद्र लाहिड़ी एवं अशफाक उल्ला आदि क्रांतिकारी महीनों तक प्रताप प्रेस में ही रहते थे तथा क्रांति की योजनायें बनाते थे। अंग्रेज भारत की आजादी की लड़ाई का मुकाबला फूट डालो और राज करो की कलुषित कूटनीति से कर रहे थे। इसी कूटनीति के फलस्वरूप सन् 1931 में कानपुर में भयानक दंगा फैल गया। 9 मार्च सन् 1931 को विद्यार्थी जी जेल से छूटे और रात दिन इन दंगों में सांप्रदायिक सद्भावना स्थापित करने के लिये अथक परिश्रम करते रहे। पूरे कानपुर शहर में मारकाट मची हुई थी। मकान जल रहे थे। ऐसी ही हालत में विद्यार्थी जी दो अन्य समाजसेवी ज्वाला दत्त और शंकर राव कालीगार के साथ दंगाग्रस्त क्षेत्रों में अमन-चैन के प्रयास कर रहे थे। कानपुर के बकरमंडी क्षेत्र में एक परिवार को बचाने का जब वे प्रयास कर रहे थे तब दो सौ से अधिक आतताईयों ने उन पर प्राणघातक हमला कर दिया और इस तरह विद्यार्थी जी राष्ट्र के लिये और समाज के लिये शहीद हो गये। अंग्रेजों ने विद्यार्थी जी की मौत को बिल्कुल गुप्त रखा था। कानपुर में कर्फ्यू लगा हुआ था, फिर भी उनके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए और इसी शहादत ने यह सिद्ध कर दिया कि पत्रकार केवल लिखते ही नहीं बल्कि, देश, समाज और सांप्रदायिक एकता के लिये शहीद भी होते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -363

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | ■ | ■ | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | 16 | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 17 | | | |
| 18 | | 19 | ■ | 20 | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 362 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू- दोकू क्र.363

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.362का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

# स्कूल में टीचर्स का बैकग्राउंड चेक क्यों है जरूरी?

पत्रकार लक्ष्मी नारायण की कलम से



**शिक्षा की गुणवत्ता**

शिक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं होती, बल्कि यह बच्चों के भविष्य की नींव होती है। स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व, उनके नैतिक मूल्यों और समाज के प्रति उनके दृष्टिकोण को आकार देते हैं। ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि स्कूल में पढ़ाने वाले महिला व पुरुष टीचरों का बैकग्राउंड पूरी तरह से जांचा-परखा जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ न हो।

**बच्चों की सुरक्षा**

स्कूल में बच्चे अपने शिशकों के मार्गदर्शन में सीखते और बढ़ते हैं। यदि किसी शिक्षक का आपराधिक रिकॉर्ड रहा हो या उसका व्यवहार अनुबित हो, तो इससे बच्चों की सुरक्षा पर खतरा उत्पत्र हो सकता है।

**नैतिक शिक्षा पर असर**

एक शिक्षक सिर्फ विषय नहीं पढ़ाता बल्कि वह अपने आवरण से बच्चों को समाज में अच्छे नागरिक बनने की सीख भी देता है। यदि शिक्षक का नैतिक स्तर संदेहास्पद हो, तो यह बच्चों को गलत दिशा में भी प्रेरित कर सकता

**सर्टिफिकेट और डिग्रियों की जांच**

जिसका व्यक्तिगत वा पेसेवर जीवन अनैतिक गतिविधियों से हो, वे न तो खुद शिक्षण कार्य में रुचि ले सकते हैं और न ही बच्चों को सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती है स्कूल प्रशासन की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे हर शिक्षक के बारे में पूरी तरह जांच करें। इसके लिए निम्नलिखित कदम अपनाए जा सकते हैं

**पुलिस वेरिफिकेशन**

शिक्षक को नौकरी देने से पहले उसका पुलिस वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य किया जाना चाहिए ह, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज न हो।

**पूर्ववर्ती कार्यस्थलों से फीडबैंक**

शिक्षक की पहले की नौकरियों का रिकॉर्ड देखा जाना चाहिए और पिछले स्कूलों से उसके व्यवहार एवं कार्यशैली की जानकारी लेनी चाहिए । शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता की जांच की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सही ढंग से पढ़ाने के योग्य हैं।

**व्यक्तिगत एवं सामाजिक जांच**

शिक्षक के व्यक्तिगत जीवन सामाजिक गतिविधियों और व्यवहार को भी ध्यान में रखना जरूरी है ताकि किसी भी तरह की अनुचित प्रवृत्ति को पहले ही पहचाना जा सके।

**सरकार और अभिभावकों की भूमिका**

सरकार को भी इस दिशा में कई नियम बनाने चाहिए, जिसने सभी स्कूलों में शिक्षकों की पूरी तरह से जांच सुनिश्चित हो सके। साथ ही, अभिभावकों को भी सतर्क रहना चाहिए और यदि उन्हें किसी शिक्षक के व्यवहार पर संदेह हो, तो इसकी जानकारी स्कूल प्रशासन को देनी चाहिए।

**निष्कर्ष**

बच्चों का भविष्य देशभविष्य होता है. और शिक्षकों की भूमिका इसमें सबसे अहम होती है। यदि स्कूलों में ऐसे शिक्षक भी हो जाते हैं जिनका बैकग्राउंड संदेहास्पद है, तो यह न केवल बच्चों के लिए खतरा बन सकता है बल्कि पूरे समाज के लिए भी एक गंभीर समस्या खड़ी कर सकता है।

# राशिफल

**मेष**
आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। भविष्य के लिए योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन बहुत ही उत्तम है। घर में जल्द ही किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। आज किसी अच्छी कंपनी से इंटरव्यू के लिए आपके पास कॉल आ सकता है। आपको अपनी मेहनत से सफलता जरूर मिलेगी। लवमेट एक दूसरे पर विश्वास बनाये रखे, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

**वृषभ**
आज कारोबार में अचानक आपको फायदा होगा। ऑफिस में आप सबकी मदद के लिए तैयार रहेंगे। आज आप अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने की सोचेंगे। रोजमर्रा के काम बिना किसी रुकावट के पूरे हो जाएंगे। लवमेट के साथ रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। अपने विचार दूसरों के सामने रखने और दूसरों को अपने विचारों से सहमत कराने में आप बहुत हद तक सफल होंगे। विद्यार्थियों को टीचर्स का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन**
ऑफिस में आज काम अधिक हो सकता है। साथ ही काम पूरा करने में आपको किसी सहकर्मी की मदद भी मिलेगी। आपके करियर में अचानक कुछ बदलाव आएंगे। आज आपको धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा, लेकिन खर्चों को लेकर थोड़ी सावधानी जरूर बरतें। आपका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। जीवनसाथी को सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क**
आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, तो आपका काम सफल होगा। ऑफिस में आप सभी काम समय से पूरे कर लेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी सामाजिक समारोह में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**सिंह**
आज आपको घर की कुछ नई जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आपका मित्र आपको अपने घर पर डिनर के लिए इंवाइट करेगा, जिससे आपकी दोस्ती पहले से और अधिक मजबूत होगी। व्यापारी वर्ग को आज किसी डील से फायदा होगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। जीवनसाथी आपको सरप्राइज दे सकते हैं। कुछ दिनों से चली आ रही समस्याओं का हल आज आसानी से निकल जाएगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**कन्या**
आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। अगर आप बहुत दिनों से घर का जरूरी काम पूरा करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आज वो काम पूरा होगा। इस राशि के छात्रों को अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम हासिल होगा। ऑफिस का काम रोज की तुलना में आज बेहतर तरीके से पूरा होगा। अभिनय और कला से जुड़े लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**तुला**
आज आपका पेपरवर्क पूरा ना होने से किसी काम में कुछ समय लग सकता है। आप अपने काम को अच्छी दिशा देने के लिए जितना प्रयास करेंगे, आपके लिए उतना ही बेहतर होगा। कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनाएंगे। इस राशि के छात्रों का मन पढ़ाई से थोड़ा भटक सकता है। लवमेट आज परिणय सूत्र में बंधने का मन बनाएंगे। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आज किसी अनुभवी व्यक्ति से बात करेंगे, उनके साथ प्लान भी बनाएंगे।

**वृश्चिक**
आज आप उत्साह से भरे रहेंगे। आपके घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने सभी काम मेहनत से करेंगे। आपकी मेहनत रंग लायेगी। शाम को जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बनाएंगे। रचनात्मक काम में लगे लोगों को किसी दूसरे व्यक्ति से फायदा होगा। किसी मित्र से अचानक मुलाकात होगी, उनके साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। छात्र कंप्यूटर कोर्स ज्वॉइन करने का मन बनाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को बेहतर परिणाम मिलने वाला है।

**धनु**
आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। ऑफिस में काम के प्रति माहौल अच्छा रहेगा। इस राशि के नवविवाहित आज किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जाएंगे। आप अपने बिजनेस को नई गति देने की कोशिश करेंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरी बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, उनके हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगेगा। सिविल इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर**
आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायेदेमंद रहेगा। रिश्तेदार अपना काम जल्दी पूरा करवाने के लिए आपसे मदद मांग सकता है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए नए रास्ते खुलेंगे। आपको बिजनेस में मुनाफा होगा। विद्यार्थियों को शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। लवमेट आज किसी अच्छी जगह घूमने का प्लान बनाएंगे, मीठी नोक-झोक होगी इससे आपके रिश्ते मधुर होंगे।

**कुंभ**
आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे। आज आपकी पदोन्नति पर विचार-विमर्श किया जायेगा। बिजनेसमैन लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आप किसी नई डील में पैसा लगाने पर विचार करेंगे। आपको किसी पुराने क्लाइंट से धन लाभ होगा। आज आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। लवमेट को उपहार मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिमाण आपके पक्ष में आएगा।

**मीन**
आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आपको कार्यों में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जिससे काम तय समय पर पूरा हो जायेगा। अगर आप नया रोजगार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो उससे जुड़ी चीजों को पहले अच्छे से समझ लें। आज के दिन किसी दूसरे के काम में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आपको थोड़ा आलस महसूस होगा। आपको अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। पहले से लिए गए फैसले आपको बेहतर फल देंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी।

# ओपन डब्बा लाइब्रेरी : एक किताब लाओ,एक किताब ले जाओ

(अर्चित सक्सेना-विभूति फीचर्स)



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को बुद्धिजीवियों का शहर माना जाता है। यहां साहित्य के क्षेत्र में नित नये प्रयोग होते रहते हैं। लगभग चालीस वर्ष पूर्व यहां समाचार पत्र-पत्रिकाओं का अनोखा संग्रहालय स्थापित किया गया था। जो आज अत्याधुनिक रुप ले चुका है। जिसमें देश के सबसे पुराने समाचारपत्र से लेकर सैकड़ों अद्भुत और अनोखे समाचार पत्र और पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। माधवराव सप्रे संग्रहालय आज भोपाल ही नहीं देश भर में अपनी पहचान बना चुका है। ठीक इसी तरह भोपाल की एक कॉलोनी मीनाल रेजीडेंसी में भी एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल ने जन्म लिया है, जिसका नाम है ÷ओपन डब्बा लाइब्रेरी÷। यह पुस्तकालय पारंपरिक पुस्तकालयों से बिल्कुल अलग है, क्योंकि यह न तो किसी बड़े भवन में स्थित है और न ही इसमें कोई ताला-चाबी है । न ही यहां कोई लाइब्रेरियन है जो किताबों का लेखा जोखा रखता हो। यह एक साधारण-सा बुक शेल्फ है, जो जाने माने लेखक श्री विवेक रंजन श्रीवास्तव के घर की बाउंड्री वाल पर लगा हुआ है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह 24 घंटे खुला रहता है और सड़क से गुजरने वाला कोई भी व्यक्ति कभी भी यहां से किताब ले सकता है। इस पुस्तकालय को समृद्ध करने के लिए यहां कोई भी व्यक्ति अपनी भी किताबें इसमें रख सकता है। इस पुस्तक मित्र लाइब्रेरी की शुरुआत श्री विवेक रंजन श्रीवास्तव ने की है। इस छोटे से बुक शेल्फ में आरंभ में लगभग 4000 रुपये मूल्य की विभिन्न लेखकों और प्रकाशकों की पुस्तकें रखी गई थीं। इनमें प्रो. चित्र भूषण श्रीवास्तव विदग्ध, श्री सुरेश पटवा, स्वयं विवेक रंजन श्रीवास्तव और ज्ञानगंगा प्रकाशन की किताबें शामिल हैं। ये पुस्तकें साहित्य, ज्ञान और मनोरंजन का खजाना लेकर आई हैं, जो हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए उपयोगी हैं। इस लाइब्रेरी का मूल मंत्र है- ÷एक किताब रखो, एक ले जाओ÷। यह सिद्धांत न केवल किताबों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करता है, बल्कि ÷पढ़ो और पढ़ाओ÷ के सुविचार को भी बढ़ावा देता है। आज के दौर में जब डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव के कारण किताबों की पठनीयता में कमी देखी जा रही है, तब यह पहल एक ताजी हवा के झोंके की तरह है। लोग अक्सर अपने घरों में पढ़ी हुई किताबों



Photos of the Nawabs and Begums of Bhopal at the library

और पत्रिकाओं को इधर-उधर रख देते हैं या उन्हें बेकार समझकर रद्दी में बेच देते हैं या फेंक देते हैं। ऐसे में ओपन डब्बा लाइब्रेरी इन किताबों को नया जीवन दे रही है, जिससे एक के लिए अनुपयोगी पुस्तकें दूसरों के लिए उपयोगी बन रही हैं। इस अभियान की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मीनाल रेजीडेंसी के निवासी और आसपास के लोग इसे हाथों-हाथ ले रहे हैं। कॉलोनी के लोगों में पुस्तकों के प्रति उत्सुकता और उत्साह साफ देखा जा सकता है। लोग न केवल किताबें लेने आते हैं, बल्कि अपनी पढ़ी हुई किताबें भी इस शेल्फ में रखकर जाते हैं । इस तरह यह एक ऐसा चक्र बन गया है, जो ज्ञान और साहित्य के प्रेम को बढ़ावा दे रहा है। पुस्तकें खरीदने में आर्थिक रुप से कमजोर लोग भी इस डिब्बा लाइब्रेरी का भरपूर सदुपयोग कर रहे हैं। स्थानीय रहवासियों के अलावा छुट्टियों में दादा-दादी, नाना-नानी के घर आने वाले बच्चों से लेकर कॉलोनी के सिक्यूरिटी गार्ड,सफाई कर्मचारी,जल कर्मचारी सभी के बीच यह डिब्बा लाइब्रेरी खूब लोकप्रिय हो रही है।

ये यहां से पुस्तकें लेते हैं और पढ़कर वापस वहीं रख देते हैं। छुट्टियों में जो मेहमान मिनाल रेजीडेंसी में आते हैं, और घूमने निकलते हैं वे इस अनूठे प्रयोग का लाभ तो लेते ही हैं ,साथ ही फोटो लिए बगैर भी नहीं रहते और अगली बार जब आते हैं तो यहां रखने के लिए पुस्तकें भी साथ लाते हैं। श्री विवेक रंजन श्रीवास्तव का यह प्रयास समाज के लिए एक मिसाल बन गया है। इस छोटी-सी पहल ने न केवल किताबों को घरों की अलमारियों से बाहर निकाला है, बल्कि लोगों की पढ़ने और साझा करने की आदत को भी पुनर्जन्म दिया है। इस अनूठी पहल से उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में ऐसी और भी पहलें देखने को मिलेंगी, जो समाज में ज्ञान के प्रकाश को फैलाने में सहायक होंगी।

श्री श्रीवास्तव के घर की बाउंड्री वाल पर लगे इस बुक सेल्फ (डिब्बा लाइब्रेरी) में कोई ताला नहीं है । कभी भी,किसी भी समय, कोई भी व्यक्ति किताब ले सकता है ,यही इसकी विशेषता है। इसके लिए न तो किसी परिचय पत्र की आवश्यकता है और न ही किसी कार्ड की।÷एक किताब रखो , एक ले जाओ÷, पढ़ो-पढ़ाओ के सुविचार के साथ यह अभियान सफलता पूर्वक चल रहा है। हम सबके यहां अनेक पत्रिकाएं,किताबें होती हैं जो पढ़ने के बाद यहां वहां कर दी जाती हैं। ऐसी पुस्तकों और पत्रिकाओं को एक जगह एकत्रित करके लोगों को पढ़ने के लिए निशुल्क उपलब्ध कराने के प्रयास की, पठनीयता के अभाव वाले इस समय में,भूरि भूरि प्रशंसा हो रही है। आसपास के लोग ही नहीं बल्कि दूरदराज के लोग भी यहां उत्सुकता और उत्साह से किताबें अदल बदल कर पढ़ रहे हैं। वैसे भी आज के समय में जब किताबें इतनी मंहगी हो गयी हैं तब खरीदकर पढ़ना हर किसी के लिए संभव भी नहीं है तब ऐसे प्रयास निश्चित ही प्रशंसनीय है।

यदि आपके पास भी नया पुराना साहित्य है जिसे आप कबाड़ या रद्दी मानकर फेंकने का सोच रहे हैं तो रुकिए, ठहरिए। साहित्य की इस अमूल्य संपदा को नष्ट मत होने दीजिए। या तो आसपास किसी लाइब्रेरी में दे दीजिए या स्वयं ही अपने घर के बाहर एक डिब्बा लाइब्रेरी बना दें। यह भी संभव न हो तो विवेक रंजन श्रीवास्तव जी से संपर्क कीजिए। वे अपनी डिब्बा लाइब्रेरी के माध्यम से इन पुस्तकों को हर खास और आम सबके लिए उपलब्ध करा देगें।

# समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के सभी आवेदन निराकृत करें : कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन में विभाग डी और सी श्रेणी में रहा तो होगी कार्यवाही : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने फरवरी माह की ग्रेडिंग में आठ विभागों के डी श्रेणी तथा तीन विभागों के सी श्रेणी में रहने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एक सप्ताह में लंबित प्रकरणों का निराकरण करके विभाग को डी और सी श्रेणी से बाहर लाएं। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण सात दिवस में निराकृत करें। विभागों की रैंकिंग में गिरावट आई तो संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का भी तत्काल निराकरण करें। इसमें हैण्डपंपों के सुधार, मनरेगा में मजदूरी भुगतान के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई अभियान चलाकर बिगड़े हैण्डपंपों का सुधार कराएं। पेयजल संबंधी विकासखण्ड स्तरीय और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में हैण्डपंप और नलजल योजना के सुधार के संबंध में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन विभाग, ट्राईबल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा खाद्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका इसी सप्ताह निराकरण कराएं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रम विभाग जन्म-मृत्यु पंजीयन तथा ग्रामीण विकास विभाग के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए विकासखण्डवार शिविर लगाएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों पर कार्यवाही करें। सभी एसडीएम प्राकृतिक आपदा में राहत राशि, भू अर्जन तथा सीमांकन में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसीलवार शिविर लगाएं। तहसीलदार एवं पटवारियों से प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रकरणों में समुचित उत्तर दर्ज करें। राजस्व विभाग में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का सात दिवस में निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में यदि कोई शिकायत अनअटेंडेड पाई गई तो संबंधित एल-1 अधिकारी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महाप्रबंधक सहकारी बैंक तथा जिला आपूर्ति अधिकारी गेंहू उपार्जन केन्द्रों में गेंहू खरीदी के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा तत्काल शुरू कर दें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम दो दिवस में सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दें तथा कृषि उपज मण्डी को लंबित राशि का भुगतान करें। खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों की 31 मार्च से पूर्व शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिला प्रबंधक विपणन संघ करहिया मण्डी में भण्डारित गेंहू और धान की अन्यत्र व्यवस्था करें जिससे मॉडल मण्डी का निर्माण कार्य किया जा सके। सभी एसडीएम गेंहू उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों का तीन दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। सभी कार्यालय प्रमुख अनुकंपा नियुक्ति के लिए कार्यालय में रिक्त पदों की जानकारी आज ही उपलब्ध करा दें। कार्यालय प्रमुख ई आफिस व्यवस्था के लिए निर्धारित पोर्टल पर अधिकारियों और कर्मचारियों के ई मेल एवं अन्य जानकारियाँ तत्काल उपलब्ध करा दें। यह कार्य की मुख्य सचिव महोदय की उच्च प्राथमिकता में शामिल है। कलेक्टर ने अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था, नगरीय क्षेत्रों की साफ-सफाई, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की निगरानी तथा गेंहू उपार्जन के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संभागीय अधिकारियों का ई-आफिस का प्रशिक्षण जारी

**रीवा,कासं.।** शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यालय के सामान्य काज एवं फाइलों के निराकरण के लिए ई-आफिस ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के ईमेल आईडी बनाकर सॉफ्टवेयर में दर्ज किये जा रहे हैं। ई-आफिस प्रणाली का संभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि प्रशिक्षण ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा में 25 मार्च को भी आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण तीन पलियों में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कमिश्नर ने बताया कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन 25 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मंडी बोर्ड, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद विभाग, ट्राईवल, खनिज, आबकारी, हाउसिंग बोर्ड, स्थानीय निधिसम परीक्षा के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक कृषि अभियांत्रिकी, श्रम, योजना, सांख्यिकी, मेडिकल कॉलेज, आजीविका मिशन, आयुर्वेद विभाग, जिला पंजीयक तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# युवा संगम कार्यक्रम आज, युवाओं के लिये रोजगार के अवसर

### युवा संगम अन्तर्गत मेगा जॉब फेयर में 40 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा,कासं.।** जिला मुख्यालय स्थित टीआरएस कॉलेज में युवा संगम का आयोजन 25 मार्च को प्रात~ 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित मेगा जॉब फेयर में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेगा जॉब फेयर के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 40 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 9 हजार रुपए से 40 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है।

युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, समग्र आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। युवा संगम आयोजन की सुचारू व्यवस्थाओ के लिये कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था, आयुक्त नगर निगम को आयोजन स्थल में साफ-सफाई, शौचालय एवं फायर ब्रिगेड की व्यवस्था का दायित्व सीईओ जिला पंचायत को समन्वयक एवं नोडल अधिकारी का दायित्व तथा एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक को नियोजको को आमंत्रित करने, महाप्रबंधक उद्योग को स्वरोजगार संबंधित आवेदकों को हितलाभ वितरित करने तथा आईटीआई के प्राचार्य को छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार अन्य विभागीय अधिकारियों को सफल आयोजन के लिये विभिन्न दायित्व सौंपे गये है। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में मिडिया इंडिया प्रा. लि. महाराष्ट्र (जीएमसीसी), सिनोवा गियर्स एण्ड ट्रांसमिशन प्रा.लि. राजकोट गुजरात, डीएमसीएफएस प्रा.लि., पुणे, जिगनी बेंगलूर, एमआरएफ लिमिटेड गुजरात, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नसिक, धूत ट्रान्समिशन लिमि. पुणे, मानाबुकी पुणे, अनएकेडमी नोएडा, एसएसपीएल शिरवाल महाराष्ट्र, उत्कर्ष स्मोल फाइनेंस जबलपुर, एल एण्ड टी, फ्लिप कार्ट रीवा, जस्ट डायल रीवा, मुद्रा सोलर प्रा.लि. अदानी सोलर, अदानी न्यू इंडस्ट्री लिमि अडानी विंड, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात, मदरसन मेट ऑटोमोटिव प्रा. लि., डिक्सन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. नोएडा, आर्मस ग्रुप एलाइड रिसोर्स मैनेजमेंट सर्विसेज इंडिया प्रा. लि., श्री फूड प्रोड्क्स उद्योग विहार चोरहटा रीवा, ख्याति शील्ड ग्लोबल रिच रायपुर छत्तीसगढ़, प्राकृतशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा होटल के पास सतना, यशस्वी ग्रुप भोपाल, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, लार्सन एण्ड टूब्रो, शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड, हिन्द फार्मा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे, योकोहामा ऑफ हाइवे टायर, गुजरात, रेइज एण्ड मिट्स टायर्स गुजरात, विक्टोरिया इंडस्ट्रीज हरियाणा महाराष्ट्र गुजरात, सिएट टायर्स हलाल गुजरात, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर, बजाज कैपिटल रीवा, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. तथा भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### विकासखण्डों में सिक्योरिटी सर्विस में चयन के लिए लगेंगे शिविर

**रीवा,कासं.।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत संचालित मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तथा निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस सिंगरौली द्वारा रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से निर्धारित शारीरिक मापदण्ड वाले कक्षा आठवीं अथवा उससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले युवाओं को सिक्योरिटी सर्विस में चयन का अवसर दिया जा रहा है।

इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि विकासखण्ड सिरमौर में 25 मार्च को शिविर लगाया जायेगा। शिविर जनपद पंचायत कार्यालय में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा।

# कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत दिए प्रतिबंध के आदेश

### नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही

**रीवा,कासं.।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं।

यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में 17 मार्च से लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिश~ तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा।

जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### भारत की बायोइकोनॉमी बीते 10 वर्षों में 16 गुना बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हुई - केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली ,ए.।** भारत की बायोइकोनॉमी में बीते 10 वर्षों में 16 गुना का इजाफा हुआ है और यह 2024 में बढ़कर 165.7 अरब डॉलर की हो गई है, जो कि 2014 में 10 अरब डॉलर थी। यह जानकारी सरकार द्वारा शुक्रवार को दी गई। केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में बीआईआरएसी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि यह तेज वृद्धि भारत के भविष्य के आर्थिक विकास के प्रमुख स्तंभ के रूप में बायोटेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डॉ सिंह ने 'आईबीईआर 2025' रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, ''केवल 10 वर्षों में भारत की बायो-इकोनॉमी 10 अरब डॉलर से बढ़कर 165.7 अरब डॉलर हो गई है, जो 2025 तक 150 अरब डॉलर के हमारे शुरुआती लक्ष्य से कहीं अधिक है।'' रिपोर्ट में कहा गया कि यह सेक्टर कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 4.25 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पिछले चार वर्षों में इस सेक्टर ने 17.9 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दिखाई है, जो वैश्विक बायोटेक पावरहाउस के रूप में भारत की क्षमता को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने बायोसारथी का भी अनावरण किया, जो एक ग्लोबल मेंटरशिप पहल है जिसका उद्देश्य बायोटेक स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह पहल इनोवेशन को बढ़ावा देकर, उद्योग-अकादमिक सहयोग को बढ़ाकर और भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक सफलता के लिए तैयार करके भारत के बायोटेक इकोसिस्टम को मजबूत करेगी। इस पहल के तहत विदेशी विशेषज्ञों, विशेषकर भारतीय प्रवासियों को इंटरनेशनल मेंटर के रूप में शामिल किया जाएगा, जो समाज को योगदान देने के लिए स्वेच्छा से आगे आएंगे। केंद्रीय मंत्री ने हाल ही में स्वीकृत बायो-ई3 पॉलिसी के बारे में भी बताया, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में रिसर्च, इनोवेशन और उद्यमिता को गति देना है। पिछले दशक में आरएंडडी पर भारत का कुल व्यय दोगुने से अधिक होकर 2013-14 में 60,196 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 1,27,381 करोड़ रुपये हो गया है।

### हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दिए टैरिफ में नरमी के संकेत

**मुंबई ,ए.।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर नरमी के संकेत दिए जाने के बाद भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सुबह करीब 9.32 बजे सेंसेक्स 414.98 अंक या 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,320.49 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 137.80 अंक या 0.59 प्रतिशत चढ़कर 23,488.20 पर था। निफ्टी बैंक 393.45 अंक या 0.78 प्रतिशत चढ़कर 50,987.00 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 524.75 अंक या 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,375.50 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 238.45 अंक या 1.47 प्रतिशत चढ़कर 16,423.40 पर था। बाजार पर नजर रखने वालों ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही की आय रिपोर्ट में भी मजबूत परिणाम आने की उम्मीद है, जिससे ओवरऑल सेंटीमेंट में सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि निफ्टी का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्राइम रिसर्च हेड देवर्ष वकील ने कहा, निफ्टी को 200 एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज (ईएमए) के 23,400 स्तर पर तत्काल प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। अगर यह बाधा पार हो जाती है तो बाजार निकट भविष्य में 23,800 के अगले प्रतिरोध स्तर की ओर बढ़ सकता है। निफ्टी के लिए सपोर्ट 23,200-23,250 बैंड की ओर बढ़ गया है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, पावरग्रिड, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी और सन फार्मा टॉप गेनर्स रहे।

# ईशान किशन के तूफान में उड़ी राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद ने जीता मैच



**हैदराबाद ,एजेंसी।** इशान किशन (नाबाद 106) की तूफानी शतकीय पारी और ट्रैविस हेड (67) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हरा दिया। 287 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तेजी के रन बनाने के प्रयास में 50 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। यशस्वी जयसवाल (एक), कप्तान रियान पराग (चार) और नीतीश राणा (11) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ध्रुव जुरेल ने संजू सैमसन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 111 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में हर्षल पटेल ने संजू सैमसन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

संजू सैमसन ने 37 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (66) रन बनाये। अगले ही ओवर में एडम जम्पा ने ध्रुव जुरेल को आउटकर राजस्थानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जुरेल ने 35 गेंदों में पांच चौके और छह छक्के लगाते हुए (70) रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद शिमरॉन हेटमायर और शुभम दुबे ने गेंद की पिटाई जारी रखी। राजस्थान का छठा विकेट आखिरी ओवर में शिमरॉन हेटमायर के रूप में गिरा। शिमरॉन हेटमायर ने 23 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाते हुए (42) रन बनाये। शुभम दुबे 11 गेंदों में एक चौका और चार छक्के लगाकर (34) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के गेंदबाजी आक्रमण के आगे राजस्थान के बल्लेबाज निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 242 रन ही बना सके और 44 रनों से रोमांचक मुकाबला हार गये।

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद शमी और एडम जम्पा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए तूफानी अंदाज में (45) रन जोड़े। चौथे ओवर की पहली गेंद पर महीश तीक्षणा ने अभिषेक शर्मा को आउटकर हैदराबाद को पहला झटका दिया। अभिषेक शर्मा ने 11 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (24) रन बनाये। हैदराबाद का दूसरा विकेट ट्रैविस हेड के रूप में गिरा। ट्रैविस हेड ने 31 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए (67) रन बनाये। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी 15 गेंदों में (30) हाइनरिक क्लासन 14 गेंदों में (34) रन बनाकर आउट हुये। आखिरी ओवर में अनिकेत वर्मा (सात) और अभिनव मनोहर (शून्य) को तुषार देशपांडे ने आउट किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 286 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

इशान किशन ने 47 गेंदों में 11 चौके और छह छक्के लगाते हुए (नाबाद 106) रनों की तूफानी पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स की ओर से तुषार देशपांडे ने तीन, महीश तीक्षणा ने दो और संदीप शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### विराट कोहली ने किया बड़ा खुलासा, बताया- किस वजह से एक साल में दो बार टूटा था उनका दिल



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपनी निजी जिंदगी में पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बेहद खुशहाल जीवन बिता रहे हैं। हालांकि, एक समय ऐसा भी था जब उन्होंने कहा था कि उनका दिल एक ही साल में दो बार टूट गया था। अब विराट कोहली ने खुद इस बात का खुलासा किया है कि इसके पीछे की वजह क्या थी। सोशल मीडिया पर उनका एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक आईपीएल मैच के बाद अपने दिल टूटने के कारणों का जिक्र कर रहे हैं। विराट कोहली के अनुसार, यह घटना साल 2016 में हुई थी। पहली बार उनका दिल तब टूटा जब टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप जीतने में नाकाम रही थी। भारतीय टीम उस साल सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इसके बाद, उसी साल उनके दिल टूटने की दूसरी वजह आईपीएल के फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की हार थी। आरसीबी फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से हार गई थी, जिससे विराट काफी निराश हुए थे। गौरतलब है कि आईपीएल 2016 विराट कोहली के व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिहाज से अभी भी सबसे शानदार सीजन माना जाता है। उस सीजन में उन्होंने 973 रन बनाए थे, जो कि किसी भी बल्लेबाज द्वारा एक आईपीएल सीजन में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। यह रिकॉर्ड आज भी विराट कोहली के नाम पर कायम है। विराट कोहली आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। वह अकेले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल में 8000 से ज्यादा रन बनाए हैं। खास बात यह है कि उन्होंने यह सभी रन एक ही फ्रेंचाइजी, यानी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए बनाए हैं।

# बीएफएसआई सेक्टर ने बनाया भारत के कमर्शियल रियल एस्टेट लीजिंग में रिकॉर्ड, जीसीसी की रही अहम भूमिका

**मुंबई ,एजेंसी।** वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) के नेतृत्व में 2024 भारत के वाणिज्यिक रियल एस्टेट में बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विस और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) सेक्टर के लिए एक अहम वर्ष रहा, जिसने 13.45 मिलियन वर्ग फीट (वर्ग फीट) लीज पर लिया, जो वार्षिक तौर पर लिए गए लीज स्पेस का 17.4 प्रतिशत हिस्सा है।

जेएलएल की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, बीएफएसआई सेगमेंट ने 2022-2024 की तीन साल की अवधि में 31 मिलियन वर्ग फीट ऑफिस स्पेस लीज पर लिया, जो 2016-2021 की पिछली छह साल की अवधि में लीज पर दिए गए 29 मिलियन वर्ग फीट से भी ज्यादा है।

पिछले तीन वर्षों में बीएफएसआई सेक्टर द्वारा लीज पर दिए गए स्पेस में ग्लोबल बीएफएसआई फर्मों की हिस्सेदारी 59.0 प्रतिशत रही।

बीएफएसआई सेक्टर में वृद्धि के लिए भारत का मजबूत टैलेंट पूल, डिजिटलीकरण को बढ़ावा और उपभोक्ता क्षमता अहम कारक रहे।

जेएलएल के मुख्य अर्थशास्त्री डॉ. सामंतक दास ने कहा, विशेष रूप से जीसीसी इस उछाल को आगे बढ़ा रहे हैं, क्योंकि पिछले तीन वर्षों में बीएफएसआई लीजिंग में उनका हिस्सा 59 प्रतिशत रहा है। यह डेटा भारत के ऑफिस मार्केट को नया रूप देने और देश के वैश्विक वित्तीय सेवा केंद्र के रूप में उभरने में बीएफएसआई की अहम भूमिका को दर्शाता है।

दास ने बताया कि घरेलू फर्म भी पीछे नहीं रहीं, क्योंकि उन्होंने 2022-24 के बीच टॉप सात शहरों में 12.7 मिलियन वर्ग फुट लीज पर लिया।

मजबूत घरेलू बीएफएसआई स्पेस टेक-अप ने मुंबई जैसे बाजारों में मांग को बढ़ावा दिया, जबकि वैश्विक फर्म देश के दूसरे बड़े ऑफिस मार्केट में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थीं।

भारत में वैश्विक फर्मों द्वारा लीजिंग गतिविधि में जीसीसी सेट-अप, नए और मौजूदा में कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी सबसे आगे रहे हैं।

2022 से अब तक जीसीसी ने 67.4 मिलियन वर्ग फीट लीज पर दिया है, जिसमें बीएफएसआई का हिस्सा 20.7 प्रतिशत है।


रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 में जीसीसी लीजिंग में बीएफएसआई की हिस्सेदारी बढ़कर 25.2 प्रतिशत हो गई, जिससे यह टेक के बाद दूसरा सबसे बड़ा कम्पोनेंट बन गया।

मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखता है, जबकि दिल्ली-एनसीआर अपने रणनीतिक स्थान और इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठा रहा है।

बेंगलुरु का टेक इकोसिस्टम फिनटेक इनोवेटर्स को आकर्षित कर रहा है, हैदराबाद अपने मजबूत आईटी और फार्मा सेक्टर से लाभ ले रहा है, चेन्नई दक्षिणी बीएफएसआई हब के रूप में अपनी जगह बना रहा है, जबकि पुणे बीएफएसआई जीसीसी हब के रूप में मजबूती से उभर रहा है।

जेएलएल इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक (कर्नाटक, केरल) राहुल अरोड़ा ने कहा, पुणे और चेन्नई जैसे बाजारों में भी वैश्विक बीएफएसआई फर्मों की हिस्सेदारी इस क्षेत्र में लीजिंग गतिविधि में 68-72 प्रतिशत रही, जबकि इसी अवधि में दिल्ली एनसीआर में वैश्विक बीएफएसआई कंपनियों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत रही।

# कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा और अधिकारियों को दिए निर्देश



**शिवपुरी ब्यूरो।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सोमवार को आयोजित बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने आदिम जाति विभाग के अधिकारियों को छात्रवृत्ति के भुगतान समय-सीमा में संबंधित के खाते में करने के निर्देश दिए हैं। बजट के अभाव में भुगतान न होने पर शासन को पत्र लिखा जाए और भुगतान का कार्य किया जाए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज के अधिकारी उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्ति की। पुशपालन विभाग के अधिकारियों को लंबित शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकार्ड रूम में ठीक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। नकल आदि दस्तावेज प्राप्त करने में आम जनता को परेशानी न हो। समय पर नकल उपलब्ध कराई जा सके, जिससे आम जनता की परेशानी कम हो। सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली जनरेट कराने के निर्देश दिए हैं। जो कार्यालय शेष रहे है, वे जल्द ही ई-ऑफिस प्रणाली से जुड़े। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से अनाज भण्डारण, उठाव आदि की जानकारी ली। गेहूं फसल उपार्जन के लिए प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। फसल उपार्जन की समीक्षा की।

# एयरपोर्ट के लिए 125 बीघा निजी जमीन होगी अधिग्रहित, कलेक्टर रेट से दोगुना मुआवजा मिलेगा



**शिवपुरी ब्यूरो।** एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन ने नई फल मंडी स्थित हवाई पट्टी क्षेत्र में जनसुनवाई का आयोजन किया, जिसमें प्रभावित लोगों को बुलाया गया। इस परियोजना के लिए कुल 120 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसमें 24.84 हेक्टेयर निजी भूमि, 57.54 हेक्टेयर राजस्व और नजूल की भूमि, 38 हेक्टेयर वन भूमि और 33 हेक्टेयर नेशनल पार्क की भूमि शामिल है। डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य ने बताया कि निजी भूमि के मालिकों को कलेक्टर रेट से दोगुना मुआवजा दिया जाएगा। रहवासी क्षेत्र की करीब 125 बीघा भूमि पर 350 लोगों के नाम से मकान, प्लॉट और जमीन दर्ज हैं। एसडीएम उमेश कौरव ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण की जमीन पर बने मकानों को मुआवजा नहीं मिलेगा। जनसुनवाई में कुछ लोगों ने अतिक्रमित जमीन पर बने मकानों को भी मुआवजा देने की मांग की। साथ ही भूमि के बदले भूमि देने की मांग भी रखी गई। वन विभाग द्वारा 106 सर्वे नंबर की भूमि पर लगाई गई रजिस्ट्री की रोक का मुद्दा भी उठा। हाल ही में माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिला है। इसके अलावा, 2021 में सांख्य सागर झील को रामसर साइट घोषित किया गया था। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लगातार शिवपुरी को एक प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के प्रयास में जुटे हैं। विमानन विभाग के चीफ इंजीनियर जे. पी. शर्मा ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही दो साल के भीतर एयरपोर्ट बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कई विमानन कंपनियां शिवपुरी में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए उत्सुक हैं और विभाग के संपर्क में हैं।

# होली मिलन समारोह में जमकर उड़ा रंग गुलाल, डीजे की धुनों झूमे युवा

## कार्यक्रम 20 लकी ड्रा निकाले गए



**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले भर में रविवार को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाए गए। इसी दौरान शहर के दो बत्ती चौराहे पर स्थित राज महल मैरिज गार्डन में गूँजता भारत का होली मिलन समारोह रंग बरसे बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम आयोजक मणिका शर्मा ने बताया कि इस दौरान विनीत डांस अनलिमिटेड द्वारा होली के सुगम गीतों पर नृत्य करते हुए मौजूद सभी लोगों को भी नृत्य कराया गया। उत्सव की शुरुआत भगवान गणपति जी के पूजन से की गई। तत्पश्चात छोटी सी बच्ची आराध्या शर्मा ने गणेश वंदना पर बहुत सुन्दर नृत्य किया। इस पूरे कार्यक्रम में तम्बोला और अन्य कई गेम्स भी खेले गए साथ ही कार्यक्रम के दौरान 20 लकी ड्रा भी निकले गए। कार्यक्रम में सबसे बड़ा लकी ड्रा इलेक्ट्रिकल स्कूटी गिर्राज बंसल द्वारा दिया गया जिसे परचूने की दुकान पर काम करने वाले कपिल ने जीता। इसके साथ निष्का सेल्स की तरफ से लकी ड्रा में सफारी सूटकेस अधिवक्ता चंद्रभान सिकरवार ने जीता, बोट स्मार्ट वाच गणेश कोठारी, ट्रॉली बैग आरती रजक, इंडक्शन सेंट्रल बैंक में कार्यरत हिमांशी अटेरिया, डिनर सेट रेणु सिंघल ने जीता। साथ ही पूरे कार्यक्रम में हर पांच मिनट बाद उपहारों की बौछार लगी हुई थी। कार्यक्रम के दौरान लगभग 320 लोगों ने उपस्थित होकर होली व डीजे पर नृत्य का आनंद उठाया। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक लालजी शिवहरे, राहुल रामजी व्यास, भारत अग्रवाल (बीड़ी 72), नेता प्रतिपक्ष शशि शर्मा, पार्षद विजय विंदास, समाजसेवी श्वेता पाठक, समाजसेवी साधना शर्मा समाजसेवी शैलजा शर्मा, समाजसेवी उर्मिला पाठक, पत्रकार संजय बेचैन, पत्रकार ब्रजेश तोमर, ब्रज दुबे, अशोक अग्रवाल, अतुल गौड़, दीपक अरोरा, दारा खान, जीतेन्द्र रघुवंशी, राजकुमार शर्मा, लालू शर्मा, योगेंद्र जैन, राजू यादव ग्वाल, सतेंद्र उपाध्याय, नेपाल सिंह बघेल, नीरज अवस्थी, राशिद खान, मणिकांत शर्मा, सागर शर्मा, धर्मेंद्र जाटव, नीरज छोटू, सुनील नगेले, आदर्श परिहार, सुहैल खान, धर्मेंद्र सेन, चांद खान, विकास डंडोतिया, शिक्षक तारिक सिद्धिकी, अधिवक्ता अश्विनी पारस (इंदौर से) ने बारी बारी से लकी ड्रा की घोषणा कर पुरुस्कार वितरण किया। साथ ही पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने व व्यवस्था बनाने में समाजसेवी ब्रजेश अग्निहोत्री और गिरीश मिश्रा का पूर्ण सहयोग रहा। साथ ही दून पब्लिक स्कूल, आशीष सेठ, नालंदा अकेडमी के संचालक अक्षत बंसल व समाजसेवी बॉबी राजा सहयोगी ने सहयोगियों के रूप में अपना योगदान प्रदान किया। इस दौरान पीने के पानी की पूर्ण व्यवस्था आयुष वाटर सप्लयर द्वारा की गई। साथ ही कार्यक्रम के हर पल को फोटोग्राफर सुनील कुशवाह द्वारा अपने कैमरे में कैद किया गया। साथ ही कार्यक्रम में श्वेता जैन और मंजू अरुण कश्यप द्वारा स्वनिर्मित खाने के स्वादिष्ट व्यंजनों के भी स्टाल लगाए गए थे। पूरे कार्यक्रम के उपरांत स्वादिष्ट भोजन का भी आयोजन किया गया था।

# खनिज विभाग की बैराड़ में अवैध भण्डारणों पर कार्रवाई, खनिज सहित दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** खनिज विभाग की टीम ने आज बैराड़ तहसील से प्राप्त शिकायतों के आधार पर अवैध चम्बल रेत भण्डारणों पर कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने बैराड़ तहसील में 2 भण्डारणों पर कार्रवाई करते हुए भण्डारण के प्रकरण तैयार किया जाकर खनिज रेत जब्त की गई तथा एक भण्डारणकर्ता देशबंध पुत्र श्री भगरीराम के बैराड़ राजौरिया के भण्डारण स्थल से ट्रेक्टर ट्राली एवं खनिज एम सैण्ड 1 घनमीटर जब्त किया गया एवं दूसरा भण्डारणकर्ता धौरिया रोड़ बैराड़ अफराज खांन पुत्र मोहब्बत खान से खनिज जब्त किया गया। वहीं एक अन्य भण्डारणकर्ता के स्थल का निरीक्षण किया गया जिसके पास खनिज भण्डारण की अनुमति होना पाया। इसी कार्रवाई के क्रम में बैराड़ थाने के पास उदय सिंह पुत्र हाकिम सिंह पाल निवासी नयागांव आनंदपुर बैराड़ से अवैध खण्डा, बोल्डर का परिवहन करते एक ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया जाकर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। उक्त सभी वाहनों को जब्त कर थाना बैराड़ की अभिरक्षा में प्रकरण का निराकरण होने तक रखा गया है। उक्त कार्रवाई खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास द्वारा अपने दल के साथ की गई। जिसमें सिपाही रवि नायर, शिशुपाल सिंह बैश, यदुराज गुर्जर एवं वाहन चालक अरविन्द जाटव शामिल रहे एवं सराहनीय योगदान रहा।

# रिटायर्ड पुलिस दीवान ने जहर खाकर की आत्महत्या

**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त दीवान अब्दुल हक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। रविवार रात करीब एक बजे उनकी तबीयत बिगडने़ पर परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। देहात थाना क्षेत्र के पीएचक्यू लाइन निवासी अब्दुल हक पुलिस विभाग में दीवान पद से सेवानिवृत्त हुए थे। लगभग 10 साल पहले उन्होंने सेवानिवृत्ति ली थी। 60 वर्षीय अब्दुल हक लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। बताया जा रहा है कि दर्द के कारण उन्होंने ये कदम उठाया। देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर सोमवार को मेडिकल कॉलेज में शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

# बामौरकलां पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, पत्थर से भरी गाड़ी जब्त

**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के द्वारा अवैध उत्खनन रोकने विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के दिये गये निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बामौरकलां की पुलिस टीम द्वारा वन विभाग बामौरकलां की टीम के साथ दिनांक 23-24/03/2025 की रात्रि में संयुक्त कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर से सुलारघाटी बामौरकलां ऊपर एक मार्शल गाड़ी क्रमांक एमपी 07 एच 8990 में लगी हुई एक लोहे की बनी हुई गाड़ी (टरबो) में अवैध रुप से 18 पत्थर की पटिया भरे हुये कुल माल मसरुका कीमती 5,00,000 रुपये का जप्त कर वन थाना बामौरकलां में अपराध कायम कर सुरक्षार्थ रखा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बामौरकलां उनि0 अँशुल गुप्ता, सउनि0 दिनेश पाण्डेय, सउनि0 संदीप कुजूर,प्र.आर. 493 गजेन्द्र सिंह सोलंकी आर.855 हरिकृष्ण जाट, आर. 958 अनिल जादौन, आर.1029 मोहित शर्मा, आर. 764 आकाश सिंह थाना बामौरकलां की सराहनीय भूमिका रही।

# एसडीएम ने ही मोड दिया सरकारी जमीन को बेचने वालो पर कार्यवाही का रुक, 13 में से 9 पर मामला दर्ज

## अब मामला पुलिस के पाले में खरीद फरोक करने वालो पर नही हुआ मामला दर्ज

**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी शहर के ग्वालियर बाईपास पर 5 करोड़ रुपए का सरकारी कुआं बेचने का मामला सुर्खियों में,जमीन के क्रेताओ ने यह सरकारी कुआं 27 लाख रुपए में खरीदा है लेकिन आज बाजार मूल्य की बात करे तो यह सरकारी कुआं लगभग 5 करोड़ रुपए का बताया जा रहा है। इस मामले में 9 लोगों पर मामला दर्ज किया जा चुका है,लेकिन जब इस मामले की परते उखडी और एसडीएम शिवपुरी ने इस मामले में 13 लोगों पर मामला दर्ज करने के आदेश दिए,4 लोगों पर मामला दर्ज नहीं होने के कारण यह मामला अभी सुर्खियों में बना हुआ है। एसडीएम ने 13 मार्च को जमीन बेचने वाले, खरीदने वाले और दलाल के खिलाफ एफआइआर के आदेश दिए और छह दिन बाद अपना ही आदेश बदल दिया। एसडीएम ये तो मानते हैं कि नगर पालिका और खरीदारों की भूमिका संदिग्ध है, लेकिन दोनों को खुद ही कार्रवाई के दायरे से बाहर कर चुके हैं। अब गेंद पुलिस के पाले में डाल दी गई है। दरअसल नगर पालिका ने 25 अक्टूबर 2024 को प्रतिवेदन में बताया है कि उनको आवेदक ने बताया है कि कालोनाइजर बद्री धाकड़ की पत्नी सुशीला धाकड़, नमकीन विक्रेता सतीश अग्रवाल की पत्नी मंजू अग्रवाल ने दलाल राजेश कुशवाह के साथ मिलकर फर्जी एनओसी तैयार की है। जिसका एसडीएम के आदेश में भी उल्लेख है। इसके बाद जब एसडीएम और तहसीलदार 14 मार्च को नगर पालिका के दफ्तर पहुंचे तो वहां से एनओसी की एंट्री जिस रजिस्टर में होती है वह गायब था। इससे नगर पालिका की भूमिका भी संदेह के दायरे में थी। इसके बाद भी एसडीएम उमेश कौरव के आदेश में नगर पालिका और जमीन खरीदने वाले रसूखदार बाहर कर दिए गए। इस मामले में 9 लोगों पर एफआईआर हुई है। यह सभी सामान्य व्यक्ति हैं। सूत्रों की मानें तो कॉलोनाइजर और नमकीन विक्रेता रसूखदार हैं, इसके चलते प्रशासन ने सामान्य 9 लोगों पर मामला दर्ज कराकर पल्ला झाड़ लिया है। खबर है कि इस मामले में कुछ सामाजिक एसडीएम ने आदेश में बाहर किए कालोनाइजर और नमकीन कारोबारी की पत्नियों के नाम कार्यकर्ता अब ईओडब्ल्यू एवं लोकायुक्त में भी शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में एसडीएम की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस पूरे मामले में एसडीएम उमेशचन्द्र कौरव का कहना है कि सरकारी जमीन बेचने के मामले में नगर पालिका और खरीदारों की भूमिका संदिग्ध है। हमने इनको कार्रवाई से बाहर नहीं किया है। अब पुलिस इस मामले में नगर पालिका और खरीदारों की भूमिका की जांच करेगी। यदि इस मामले में इनकी संलिप्तता पाई जाती है तो मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है।** मुझे जहा तक ज्ञान है यह मामला फर्जी नामान्तरण का नही है सरकारी जमीन की रजिस्ट्री कराई गई है यह ऐसा कहा गया है कि नगर पालिका के कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर रजिस्ट्री कराई गई है जहा तक उपपंजीयन का प्रशन है तो किसी भी कूटरचिताएं की जांच करने का अधिकार किसी अधिकारी को नही है कूटरचिताएं उसने अपने लाभ के लिए प्रस्तुत कि है हालाकी कूटरचिताएं सही है या गलत इसकी अभी जांच की जा रही है पंजीयन ने जो अपेक्षित दस्तावेज है उसको लेकर पंजीयन किया है।

**दुष्यंत कुमार दीक्षित डीआर शिवपुरी।**

# एमएम हॉस्पिटल के 25 साल शानदारः कोरोना महामारी में निशुल्क उपचार, 40 परिवार आज रोजगार की आस में हॉस्पिटल खुलवाने की मांग

**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर में एम एम अस्पताल ने शिवपुरी को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया हैं. पिछले 25 सालों में एम एम अस्पताल ने शहर में उत्कृष्ट चिकित्साएं सेवाएं एवं सुविधाएं दी हैं. जिससे शिवपुरी एवं आसपास के क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय इलाज के लिए ग्वालियर एवं दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ती एवं अस्पताल की मौजूदगी से शिवपुरी के लोगों को उनके ही शहर में मॉडर्न एवं एडवांस मेडिकल फैसिलिटी मिल रही हैं. डॉ नितेश गोस्वामी ने बताया की हॉस्पिटल बंद होने से 40 परिवार का रोजगार छिन गया हैं. हॉस्पिटल चालू करवाने की मांग सभी स्टाफ ने की हैं. महेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया की घटनाक्रम के दिन मरीज को रेफर कर दिया था. लेकिन मरीज के परिजन इलाज कराने को लेकर अड़े हुए थे और कह रहे थे अगले दिन ग्वालियर ले जाएंगे. इसी के चलते मरीज की मौत हो गई. अगर वह रेफर के बाद समय से मरीज को ले जाते तो हो सकता है जान बच सकती थी. बता दें कि एमएम अस्पताल की शुरुआत सन 2000 को महेंद्र मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल के रूप में हुई थी. तभी से एएम हॉस्पिटल मेडिकल क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा हैं। एमएम हॉस्पिटल को अभी तक 25 साल पूरे हो चुके हैं विगत 5 वर्षों में 60 हजार मरीज का 200 रुपए फीस लेकर उपचार किया हैं. 6 हजार मरीजों से मात्र 100 रुपए फीस लेकर इलाज किया हैं. 8 हजार मरीज भर्ती किए गए उनसे मात्र 200 रुपए प्रतिदिन शुल्क लिया गया. 7 हजार स्कूली बालक बालिकाओं को मात्र 70 रुपए फीस लेकर देखा गया. 1500 मेजर माइनर अस्थि रोग के मरीज ठीक किए गए. जनरल सर्जरी के 1800 मरीज के सफल ऑपरेशन किए गए. कलेक्टर के आदेश पर कोरोना महामारी में बीपीएल कार्ड धारक का निशुल्क इलाज किया. अस्पताल में शिवपुरी, अशोकनगर, राजस्थान, मुरैना जिला के मरीजों का यह अस्पताल आभारी है।

# नपा परिसर में शुरू हुई सखी रसोई, नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा ने किया उद्घाटन, सस्ते दाम में पौष्टिक भोजन के साथ महिलाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर




**शिवपुरी ब्यूरो।** नगर पालिका परिषद ने समाज के हित में एक नई और सराहनीय पहल की है। कबाड़ से जुगाड़' नवाचार के अंतर्गत सखी रसोई' का निर्माण किया गया है। जो न केवल जरूरतमंदों को सस्ते दामों पर गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराएगी, बल्कि महिला स्व-सहायता समूहों को भी रोजगार प्रदान करेगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा ने सखी रसोई का विधिवत शुभारंभ किया। इस रसोई का संचालन बाकड़े बाबा स्व-सहायता समूह को सौंपा गया है। यह रसोई नगर पालिका परिसर से संचालित होगी, जहां आम जनता को किफायती दरों पर पोषणयुक्त भोजन मिलेगा। इस पहल से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा और नगर पालिका को भी इससे प्रतिमाह 500 रुपए का किराया प्राप्त होगा। कबाड़ से जुगाड़' अवधारणा के तहत नगर पालिका ने अनुपयोगी सामग्रियों का सदुपयोग करते हुए इस रसोई का निर्माण किया है। यह पहल स्वच्छता, संसाधनों के पुन~ उपयोग और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके उद्घाटन के मौके पर सिटी मैनेजर रमेश सिंह, एसई रामवीर शर्मा और ओएस सुषमा श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, अदिति, समता, सोनिया, ज्योति और विजय वैरागी जैसे कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे का मंडल अध्यक्ष इसरायल गिरफ्तार, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का है आरोप

**शिवपुरी ब्यूरो।** हिंदू समाज के लोगों को गुमराह करने ग्रुप बनाकर उसमें आपत्तिजनक कंटेट डालने के मामले में भाजपा बदरवास अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष इसराइल खान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा दिया। मामला सामने आने बाद भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष इकबाल खान ने उन्हें पद से हटा दिया है। रविवार को शिवपुरी जिले में बजरंग दल और स्थानीय हिंदू संगठनों ने थाना प्रभारी से मिले थे। आरोप लगाया कि इसराइल खान ने (जय भीम जय मीम) ग्रुप बनाकर उसमें पंडितों को मनुवादी कहा और सनातन धर्म के ग्रंथों को काल्पनिक बताया। उन्होंने कहा था कि इसराइल खान सोशल मीडिया पर लगातार विवादित पोस्ट कर रहे थे। उन्होंने पुलिस से आरोपी के मोबाइल और उसके संपर्कों की जांच की मांग भी की। इस मामले में बदरवास थाना प्रभारी विकास यादव ने शिकायत के बाद इसराइल खान को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# टीबी मुक्त धौलपुर के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सामुदायिक भागीदारी जरूरी : एडीएम मीणा




**धौलपुर ब्यूरो।** विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा ने कहा कि 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। एडीएम मीणा ने सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा कहा कि हर साल 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है।इस साल की थीम, हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। प्रतिबद्ध, निवेश, उद्धार, आशा, तत्परता और जवाबदेही के लिए एक साहसिक आह्वान है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत विभाग के मापदंडों में खरी उतरने पर जिले की 37 ग्राम पंचायतों ने टीबी मुक्त होने का दर्जा हासिल किया हैं। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में निक्षय मित्रों की अहम भूमिका रही है। बिना निक्षय मित्र के किसी भी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित नहीं किया जा सकता हैं। इसके चलते जिले में निक्षय मित्र बनाए गए और टीबी मरीजों को पोषण सामग्री वितरित करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.गोविंद सिंह मीणा ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान शेष ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए निरंतर जारी रहेगा। इसके लिए टीबी के मरीजों की जांच उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा साथ ही टीबी संबंधित जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी, ताकि अन्य ग्राम पंचायतें भी टीबी मुक्त होने के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इस अवसर पर में टीबी से मुक्त हुई जिले की 37 ग्राम पंचायतों प्रशासकों प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह और गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजाखेड़ा ब्लॉक तथा विभाग के 26 सीएचओ, एएनएम , लैब टैक्नीशियन, आशा सहयोगिनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय सिंह, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, डीपीसी टीबी प्रेम सैनी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि, तथा विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली-2025 का हुआ समापन



**धौलपुर ब्यूरो।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट/गाइड जिला मुख्यालय धौलपुर के तत्वाधान मे डाइट धौलपुर पर दिनांक 20 मार्च से 24 मार्च 2025 तक आयोजित हुई जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली-2025 का समापन अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना द्वारा किया गया। सी.ओ. स्काउट गजेन्द्र त्यागी ने बताया कि शिविर के चौथे जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली 2025 के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार मंगल रहें। सी0ओ0 स्काउट गजेन्द्र त्यागी द्वारा अतिथियों को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया।

**इस अवसर पर स्काउट गाइड को सम्बोधित करते हुये अतिरिक्त जिला कलक्टर**

ने कहा कि स्काउटिंग बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जो भावी पीढ़ी को निःस्वार्थ सेवाभावी के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जो कि सराहनीय कदम है। स्काउट गाइड संगठन बालक बालिकाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, एकता तथा आपसी भाईचारे की भावना को प्रगाढ़ बनाता है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर ने कहा कि इस संगठन का उद्देश्य राष्ट्र की भावी पीढ़ी को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें समाज का उपयोगी नागरिक बनाना है। इस उद्देश्यो की पूर्ति हेतु समय समय पर कई प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है। मुख्य अतिथियों द्वारा जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली में आयोजित प्रदर्शनी, झॉकी, रंगोली, निबंध, कैम्प फॉयर, फूड प्लाजा, आदि प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेताओं को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन लखन बाबू एवं राजेन्द्र कुमार लिम्बा द्वारा किया गया। सी.ओ. स्काउट द्वारा अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुये उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्काउटर उपस्थित रहे।

# राजस्थान दिवस पर सप्ताह भर मनाया जाएगा परंपरा, संस्कृति और विकास का महोत्सव

## मंगलवार पहले दिन महिला सम्मेलन का आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** राजस्थान की गौरवशाली धरोहर, वीरता की अनगिनत गाथाओं और सांस्कृतिक वैभव को समर्पित राजस्थान दिवस इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 मार्च को होने वाले राजस्थान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में 25 से 31 मार्च तक विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जो न केवल प्रदेश की संस्कृति और इतिहास को उजागर करेगी, बल्कि विकास, जनकल्याण की संकल्पना को भी दिशा देगी। धौलपुर में राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण की है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने इस आयोजन को भव्य और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सप्ताह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन 25 मार्च को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जहां महिलाओं के अधिकार, स्वरोजगार और सामाजिक उत्थान से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है। इसके बाद 26 मार्च को किसान सम्मेलन में आधुनिक कृषि तकनीकों और किसान हितैषी सरकारी योजनाओं को केंद्र में रखा गया है। प्रदेश की गरीब एवं अंत्योदय योजनाओं को केंद्र में रखते हुए 27 मार्च को एक विशेष सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। राज्य में सुशासन को बढ़ावा देने और प्रशासनिक पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए 28 मार्च को सुशासन समारोह का आयोजन होगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रदेश में लागू की जा रही नीतियों और योजनाओं पर चर्चा होगी। इसी कड़ी में 29 मार्च को युवा एवं रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जहां युवाओं को नियुक्ति पत्र इत्यादि का वितरण किया जाएगा। राजस्थान दिवस का मुख्य आकर्षण 30 मार्च को आयोजित होने वाला सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें लोकगीत, नृत्य, नाटक और परंपरागत कलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राजस्थान की रंग-बिरंगी संस्कृति और ऐतिहासिक गाथाओं को प्रस्तुत किया जाएगा, जो प्रदेश की समृद्ध विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। समारोह के समापन से पहले 31 मार्च को निवेश उत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें उद्योग जगत के विशेषज्ञ, व्यापारिक प्रतिनिधि शिरकत करेंगे।

**आज होगा महिला सम्मेलन का आयोजन**

राजस्थान दिवस सप्ताह के अंतर्गत 25 मार्च को राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जो महिलाओं के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। जिला स्तरीय आयोजन नगर परिषद ऑडिटोरियम में दोपहर 3.00 बजे से किया जाएगा और इसमें विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं को लाभान्वित किए जाने के साथ-साथ महिला कल्याण से जुड़े कई कार्यक्रम होंगे।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का होली मिलन समारोह संपन्न

## होली राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना का त्यौहार है- पवन परिहार



**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का एक भव्य होली मिलन समारोह डाइट परिसर मुरैना में आयोजित किया गया सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाएं विशेष रूप से उपस्थित रहे होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने कहा कि होली राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना का त्यौहार है जिसमें हमें अपने गिले शिकवे भुला कर भाईचारा स्थापित करना है होली का पर्व हमें एक साथ मिलजुल कर राष्ट्र के विकास के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है तथा हमारा राष्ट्र प्रगति के पथ पर हमेशा अग्रसर रहे इस अवसर पर हम ईश्वर से कामना करते हैं । होली मिलन समारोह में शिक्षक शिक्षिकाओं ने चंदन से तिलक कर , फूलो के साथ होली खेली और को शुभकामनाएं दी । हमेशा एक साथ मिलजुल कर कार्य करने का संकल्प लिया हमारे देश में विभिन्न जातियों विभिन्न धर्मो के लोग रहते हैं फिर भी हम सभी जातियों एवं धर्मो का सम्मान करते हुए सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ अपने देश में मनाते हैं यही धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की विशेषता है कार्यक्रम के अंत में सभी के सम्मान में सभी ने एक साथ नृत्य कर फूलों से होली खेली ÷ होली खेल रहे बाँके बिहारी आज रंग बरस रहा÷ पर सभी म मातृ शक्ति एवं शिक्षको के पैर थिरकने लगे और सभी ने एक दूसरे को बधाई दी और सभी ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन पहली बार हुआ है। आगे भी होते रहना चाहिए जिससे एक दूसरे में भाईचारा बना रहता है। साथ ही स्नेह भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया सभी ने भोजन कर अंत मे होलिका मैया की जय का नारा लगाकर कार्यकृम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगठन मंत्री गोपाल सिंह परमार, विधि प्रकोष्ठ प्रभारी श्यामवीर सिंह राठौड़ ,संरक्षक गोपाल सिंह परमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार,जिलासचिव राम अवतार सिकरवार, जिला कोषाध्यक्ष बिंदु सोलंकी ,जिला उपाध्यक्ष पीके त्यागी,देवेंद्र सिंह सिकरवार,ब्रजकिशोर तोमर , छक्ष्ष्ट हरीश तिवारी,रामबल सिंह सिकरवार, आरएस धाकरे, उमेश पाठक,के के शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, विनोद गुप्ता, महेश गुप्ता, शिवराज शर्मा, सतेन्द्र जादौन,अरविंद सिकरवार, राकेश अग्रवाल, राधेश्याम अवस्थी, थान सिंह सिकरवार सरदार टुंडेलकर,राजेश गुर्जर ,जितेंद्र शर्मा,संजय दीक्षित,नरेंद्र सिंह तोमर ,धीरेंद्र सिकरवार, भँवर सिंह तोमर ,सत्येंद्र सिंह सिकरवार प्रशांत सिंह परिहार,राकेश रावत, रजनी भदौरिया,मधुलता तोमर,नीलू मिश्रादमयंती कश्यप बबली राठौर ,रेखा माहौर,मधु मित्तल, बेटी वाई बाँदिल, विभा शर्मा,अमित शुक्ला पूनम शर्माअर्चना गुप्ता %कमलेश ,उषा ,रेनू गौड ,संदीपा बाजपेई,नीता गुप्ता,राजकुमारी शर्मा,गीता मुड़ती है सरिता उपाध्याय ,पूजा पाठक, उर्मिला सेंमिल,चंद्रावली तोमर ,बकिता परमार,डिंपल गुप्ता रचना ,बर्षा परमार, आदि सैकड़ो की संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाऐ उपस्थित रहें ।

# महिला एवं बाल विकास मुरैना शहरी द्वारा पोषण भी - पढ़ाई भी कार्यशाला



**मुरैना,कांस।** पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला बाल विकास परियोजना मुरैना शहरी द्वारा परियोजना अधिकारी व कोर्स डायरेक्टर श्री मनीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण हेतु द गोल्डन फैमिली रेस्टोरेंट मुरैना में 24 मार्च से 26 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ श्री डीके सिद्धार्थ संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग चंबल संभाग मुरैना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुरैना द्वारा कार्यशाला/प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 24 मार्च 2025 को किया गया। इस अवसर पर कोर्स डायरेक्टर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास मुरैना शहरी श्री मनीष कुमार सिंह, समस्त पर्यवेक्षक/ मास्टर ट्रेनर एवं विभाग के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी भी उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास चंबल संभाग मुरैना के सिद्धार्थ द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान है, जो आधी आबादी एवं जन्म से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन करती हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण के लिए शासन की मंशा एवं निर्देशों के अनुरूप एक महत्वकांक्षी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसे ''पोषण भी, पढाई भी'' नाम दिया गया है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। पोषण भी पढ़ाई भी एक ऐसा प्रयास है, जो 0-6 वर्ष के बच्चों के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही श्री सिद्धार्थ द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन किए गए कार्यों की प्रविष्टियां अनिवार्य रूप से पोषण ट्रैकर एप पर सुनिश्चित करें। परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक सपोर्टिव सुपरविजन के माध्यम से निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें, जिससे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार हो सके। कार्यशाला के शुभारंभ सत्र में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए श्रीमती उपासना राय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मुरैना द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम एवं इसकी प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति के तहत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए ÷पोषण भी-पढ़ाई भी÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम इस दिशा में सहायक होगा, साथ ही कहा कि छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास लिए पोषण के साथ शिक्षा भी जरुरी है। लेकिन यह अनौपचारिक शिक्षा के स्वरुप में ही होनी चाहिए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने की महती आवश्यकता है। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत शासन द्वारा पोषण भी-पढ़ाई भी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

कार्यशाला में पोषण भी-पढ़ाई कार्यक्रम के विभिन्न घटकों व प्रावधानों आदि के बारे में पोषण भी पढ़ाई भी कोर्स डायरेक्टर परियोजना अधिकारी श्री मनीष कुमार सिंह, समस्त मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया गया।

परियोजना अधिकारी श्री मनीष सिंह द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार पोषण भी-पढाई भी कार्यक्रम में समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल कैरीकुलम फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 (आधारशिला) एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 (नवचेतना) के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण के लिए इस तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।प्रतिदिन प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों से फीडबैक एवं सुझाव भी लिए जाएंगे।

# शाला जाने योग्य हर बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रीवा।** आगामी एक अप्रैल से स्कूल शिक्षा विभाग का वर्ष 2025-26 का नया शिक्षा सत्र आरंभ हो रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय स्कूलों में नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक शिक्षा मिशन को नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में अनिवार्य रूप से प्रवेश कराएं। अब तक कक्षा दो से लेकर कक्षा 11 तक जो विद्यार्थी दर्ज हैं उनका पूरा विवरण समग्र शिक्षा पोर्टल पर 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपडेट कराएं।

विकासखण्ड स्तर पर विद्यार्थियों एवं पालकों के साथ बैठक आयोजित करके एक अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने की जानकारी दें। स्थानीय संचार माध्यमों से भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनता का भी पूरा सहयोग लें। कलेक्टर ने कहा है कि शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों की बैठक आयोजित करें। विद्यार्थी के अभिभावक से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति के संबंध में उपयोगी सुझाव प्राप्त करें।

अभिभावकों को विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति से भी अवगत कराएं। सभी शालाओं में एक अप्रैल को समारोह पूर्वक प्रवेश उत्सव का आयोजन करें। इस दिन विद्यार्थियों का परंपरागत तरीके से स्वागत करने के साथ प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का भी आयोजन करें। प्राथमिक शाला के शिक्षक आंगनवाड़ी केन्द्र जाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से कक्षा एक में प्रवेश योग्य बच्चों की सूची प्राप्त करें। उनके अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। बच्चे के कक्षा एक में प्रवेश के लिए आयु संबंधी प्रमाणीकरण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, एएनएम के रजिस्टर तथा आंगनवाड़ी केन्द्र के रजिस्टर को भी आधार बनाएं। कक्षा एक से कक्षा 11वीं तक दर्ज विद्यार्थियों की सूची संबंधित शाला में उपलब्ध है। इसमें शामिल विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में प्रवेश दिलाएं।

कलेक्टर ने कहा है कि सभी शाला भवनों में साफ-सफाई कराकर विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था करें। शासन के प्रावधानों के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं सर्व शिक्षा अभियान के तहत संचालित छात्रावासों में कक्षा आठवीं की बालिकाओं को प्रवेश दिलाएं।

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में भी विद्यार्थियों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित करें। भारत सरकार द्वारा यू डाइस के माध्यम से शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे की ट्रैकिंग की जा रही है। यू डाइस के तहत दर्ज सभी विद्यार्थियों को यूनिक कोड आवंटित किया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के शाला में प्रवेश का सत्यापन करें। यदि यूनिक कोड प्राप्त विद्यार्थी किसी भी शाला में मैप नहीं है तो वह ड्राप बाक्स में चला जाएगा।

# क्षय जन जागरूकता रैली को सीएमएचओ डॉ पद्मेश उपाध्याय ने दिखाई हरी झंड़ी....



**मुरैना,कांस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पदमेश उपाध्याय ने विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जन जागरूकता रैली को हरि झंडी दिखाकर टीबी उन्मूलन के लिए संदेश देते हुए ,उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन लक्ष्य 2025 को प्राप्त करने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की देख रेख में टीबी के लक्षणों वाले संभावित क्षय रोगियों को खोजने के लिए ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य टीम कार्य कर रही है जो ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी की स्क्रीनिंग कर स्पूटम सैंपल करा रही है और मेडिकल ऑफिसर की मदद से डायग्नोसिस कर मेडिसिन उपलब्ध कराई जा रही है साथ ही निश्चय मित्रो के माध्यम से पोषण युक्त सामग्री भी दी जा रही है एवं निश्चय पोषण राशि के रूप में 1000 रुपए क्षय रोगी को डीबीटी के माध्यम से सीधे मरीज के खाते में भेजी जा रही है।इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी मरीजों को नोटिफाई किया जा रहा है और उन्हें भी स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ गजेंद्र सिंह तोमर,डीपीएम शंकरप्रसाद श्रीवास्तव ,डॉ डीएस यादव आर एम ओ उपस्थित थे। जिला क्षय अधिकारी डॉ नरेंद्र उपाध्याय ने भी साय टीबी स्कीन टेस्ट और टीपीटी की जानकारी सभी छात्र छात्राओं को दी गई और टीबी रोग का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करने की अपील की गई।उन्होंने बताया कि जिले में 70 ग्राम पंचायतो को इस वर्ष टीबी मुक्त किया गया है । 24 मार्च 1882 को डॉ रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टीरिया की खोज की थी जो टीबी का कारण बनने वाला वैसिलाई है,इसी के उपलक्ष्य प्रत्येक वर्ष जिले में विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है।आज यह रैली सी एम एच ओ कार्यालय से रामप्रसाद बिस्मिल शहीद संग्रहालय तक निकली गई जहां समापन के दौरान टीबी हारेगा देश जीतेगा जैसे बड़ी के साथ मानव श्रृंखला बनकर क्षय रोग उन्मूलन का संदेश दिया गया जिला कार्यक्रम समन्वयक बृजेश सिंह राजपूत ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक क्षय रोगी को बेहतर सुविधाएं मिले और मरीज का जब तक उपचार चले उसका फॉलोअप और सुपरविजन होता रहे ।मरीज की हर एक समस्या का समाधान हो इसके लिए ब्लॉक स्तर पर कर्मचारियों की टीमें क्षय रोगियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।रैली में एन सी सी ऑफिसर हरिओम शर्मा एक्सीलेंस स्कूल से ,पीजी कॉलेज से एन एस एस प्रभारी डॉ दिलीप कटारे,जिला क्षय केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# 10 लाख या उससे ऊपर बकाया बिजली बिल वाले विभागों को कलेक्टर ने जारी किए नोटिस

## सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में ढिलाई न दे- कलेक्टर, कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न



**मुरैना,कांस।** सभी विभाग अपने बकाया बिलों की राशि शीघ्र ही बिजली विभाग को भुगतान करें। जिन विभागों की बकाया राशि 10 लाख या उससे अधिक है वह भुगतान राशि जमा ना होने ने कारण लिखित में मेरे संज्ञान में लायें। जिन घटकों के कारण विभाग की रैंकिंग प्रभावित होती है सभी अधिकारी उन पर स्वतः कार्य करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कलेक्टर सभागार में आयोजित टाईम लिमिट बैठक में दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव, नगर निगम कमिश्नर सत्येन्द्र धाकरे, एडीएम सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम, समस्त विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने कई विभागों के बिजली बिल 10 लाख से ऊपर थे, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि 48 घंटे में जो विभाग भुगतान ना करने का कारण मेरे समक्ष में उपस्थित होकर नहीं करेगा तो उस संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही करने वाले विभागों जिनके उपर 10 लाख के ज्यादा बकाया बाकी है उनमें पंचायत विभाग, नगर निगम जलापूर्ति, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, टेक्निकल एजुकेशन एवं स्किल डवलपमेन्ट, नगरनिगम स्ट्रीट लाईट, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, पीएचई, वाटर रिर्सोसेस, आदिम जाति कल्याण, पीडब्ल्यूडी, राजस्व, वन विभाग शामिल हैं। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का 80 प्रतिशत संतुष्टिपूर्वक एवं 50 दिवस से ऊपर लंबित शिकायतों का 50 प्रतिशत निराकरण करवाना सुनिश्चित करें। 3 माह से जो गति बनी हुई है अधिकारी उसे जारी रखें। रोटरी क्लब के तहत चल रही एक्टिविटीज को अधिकारी गंभीरता से लें एवं शिविर में अपना योगदान दें। सभी राजस्व अधिकारी ध्यान दें वसूली, फार्मर आईडी के विषय प्राथमिकता से ना हटें। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को उपार्जन से संबंधित सत्यापन जल्द खत्म करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अंतरविभागीय मुद्दों को विस्तार से सुना।

# राज्यसभा सदस्य के अभद्र बयान के खिलाफ क्षत्रिय समाज ने ज्ञापन सौंपा



**सबलगढ़।** राज्यसभा सदस्य समाजवादी पार्टी के नेता रामजीलाल सुमन द्वारा देश के सर्वोच्च सदन में वीर योद्धा राणासांगा के खिलाफ अमर्यादित बयान दिए जाने से क्षत्रिय समाज द्वारा रोष व्यक्त करते हुए राज्यपाल के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार श्रीमती रजनी बघेल को सौंपा।क्षत्रियमहासभा के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंदसिंह जादौन के नेतृत्व में समाज बंधुओं ने सोमवार को चार सूत्रीय ज्ञापन दिया गया जिसमें मांग की गई है कि सपा सांसद की सदस्यता समाप्त की जाए।उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमादर्ज किया जाए।उनके खिलाफ एफआईआर की जाए व ऐसे प्रावधान बनाये जाएं कि ऐसे अनर्गल बयान देने वालेलोगों की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाये।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**रीव।** मऊगंज जिले के सिविल अस्पताल मऊगंज सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का आयोजन राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण में 309 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रही हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य नवचेतना कार्यक्रम के तहत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों के बौद्धिक विकास और गतिविधियों का आयोजन करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवेश मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास के लिए नई तकनीकों और तरीकों की जानकारी दी जा रही है।यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज परियोजना के अंतर्गत, ÷पोषण भी पढ़ाई भी÷ के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास की देखभाल के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।



# सीएम हेल्पलाईन में सबलगढ़ जनपद को मिला पांचवा स्थान

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** सीएम हेल्पलाईन निराकरण में ए ग्रीटिंग हासिल करते हुए जनपदपंचायत सबलगढ़ ने प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है।इस उपलब्धि के संबंध में जनपदपंचायत के सीईओ श्री ललितकुमार चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दिनांक 3 मार्च 2025 को सबलगढ़ में कार्यभार संभालने के बाद जनपदपंचायत के सभी कर्मचारियों,सचिव व जीआरएस की बैठक ली और भरोसा दिलाया कि हम सबको टीम भावना के साथ काम करना है।सीईओ श्री चौधरी के इस मृदुल व्यवहार का ही परिणाम है कि सीएम हेल्पलाईन में 98.63प्रतिशत रेटिंग प्राप्त कर मुरैना जिले में प्रथम व प्रदेश में 5 वें स्थान को प्राप्त करने की उपलब्धि हासिल हुई है।

# सद्भावना और दिव्य गुणों के रंग में रंगना ही सच्ची होली - बी.के.रेखा बहन



**मुरैना,कांस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुरैना मे डोमपुरा लश्करीपुरा के बीच स्थित जगह पर होली हाउस मुरैना के द्वारा जो भवन निर्माण किया जा रहा है उसमें होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ जहां गुलाल और फूलों की होली खेलकर भाई बहनों ने आध्यात्मिक रंग में रंगने का अनुभव किया इस मौके पर होली हाउस मुरैना सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी बी.के.रेखा बहन जी ने कहा कि सच्ची होली बुराइयां को खत्म कर आध्यात्मिक रंग में रंगने का नाम है होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए बी.के रेखा बहन ने कहा कि होली अर्थात बीती हुई बातों का चिंतन छोड़कर आगे बढ़ाना मन वचन और कर्म को शुद्ध बनाना तथा आत्मा को परमात्मा रंग में रंग देना ही सच्ची होली है साथ ही श्योपुर क्षेत्र की संचालिका बी. के. तारा दीदी ने कहा कि हमें त्योहारों के आध्यात्मिक रहस्य को जानकर ही उमंग उत्साह के साथ त्योहार को मानना चाहिए जिससे जीवन खुशीयो से भर जाए साथ ही साथ पूर्व सी.एम.एच.ओ.डॉक्टर आर. सी . बांदिल जी ने भी विद्यालय का परिचय देते हुए सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली का रंग केवल बाहरी नहीं होता यह हमारे भीतर के अच्छे संस्कारों और प्रेम के रंग को फैलाने का पर्व है यह पर्व हमें एक दूसरे के बीच अच्छे रिश्ते स्थापित करने और सोहदपूर्व समाज की दिशा में अग्रसर होने की प्रेरणा देता है इसके साथ ही रिटायर्ड प्रोफेसर भ्राता एस.पी सारस्वत ने भी सभी भाई बहनों से कहा कि हमें खुशी-खुशी से त्योहार को मनाना चाहिए और आपस में एक दूसरे से प्रेम से रहना चाहिए तत्पश्चात पूर्व नगर सभापति भ्राता अनिल गोयल (अल्ली)और व्यवसाय बैंक की अध्यक्ष बहन गीता गोयल के द्वारा सभी को होली की शुभकामनाएं दी गई इसी के साथ ब्रह्माकुमारीज मुरैना की संचालिका बी.के रेखा बहन का 49 वा समर्पण समारोह दिवस भी मनाया गया जिसमें बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण की और भी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी गई जिससे कार्यक्रम को मनमोहन बनाया गया तथा बी.के रितिका बहन ने सफलता पूर्वक मंच का संचालन किया गया बी.के. मधु बहन ने रेखा बहन जी के साथ के अनुभव सभी से साझा किए और अंत में बहन जी ने अपना अनुभव सुनाते हुए सभी का आभार व्यक्त किया तथा सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात एवं ब्रह्मा भोजन कराकर विदा किया गया।

# सड़क चौड़ीकरण में अतिक्रमण हटाने में भेदभाव के खिलाफ दिया ज्ञापन



**विजयपुर।** विजयपुर के नागरिकों ने शहर में चल रहे 11 मीटर सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए अतिक्रमण हटाने में किये जा रहे भेदभाव को लेकर सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन दिया। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा गांधी चौक से सरकारी अस्पताल तक सड़क चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है जिसकी चौड़ाई 11 मीटर है।इस चौड़ाई तक जो भी कच्चा पक्का अतिक्रमण है उसे तोड़ा जा रहा है।कुछ नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन अतिक्रमण तोड़ने में भेदभाव कर रहा है।उनका कहना है कि कुछ मकानों को तोड़ दिया गया, जबकि कुछ को छोड़ दिया गया, जिससे भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।रहवासियों ने मांग की कि नियमानुसार 11 मीटर तक ही सभी अतिक्रमण हटाए जाएं। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वे भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। रहवासियों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है ताकि सभी के साथ न्याय हो और सड़क निर्माण कार्य बिना किसी भेदभाव के पूरा किया जा सके।इस संबंध में पीड़ित व्यक्ति सोमवार को एसडीएम अभिषेक मिश्रा से मिले और समस्या से अवगत कराया।एसडीएम श्री मिश्रा ने आश्वासन दिया कि अतिक्रमण हटाने में एकरूपता रहेगी।किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

# रोटरी मेडिकल मिशन कैंप में सभी पदाधिकारी सेवाभाव के साथ कार्य करें- कलेक्टर



**मुरैना,कांस।** स्वर्गीय श्रीमती मोहन प्यारी देवी माहेश्वरी जी की स्मृति में जिला मुख्यालय मुरैना पर 26 मार्च से 2 अप्रैल तक रोटरी मेडिकल मिशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, एनजीओ और अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ सेवा भाव से कार्य करें। यह बात कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने टाउनहॉल मुरैना में संबोधित करते हुये सभी पदाधिकारियों से कही। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, डिप्टी कलेक्टर श्री बीएल कटारे एवं सभी समितियों के नोडल एवं अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

**कलेक्टर ने कैंप स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया**

कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सोमवार को पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचकर रोटरी मेडिकली मिशन राहत-2 की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभास्थल, डॉक्टर बैठक व्यवस्था एवं अन्य किये गये कार्य का अवलोकन किया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला मुरैना (म.प्र.)**

मामला क्र. 0039/निगरानी/2022-23/220

मुरैना, दिनांक- 24.03.2025

**विज्ञप्ति**

(1) श्रीमती रामादेवी पत्नी श्री भूपसिंह निवासी- प्रेमनगर, जौराखुर्द, मुरैना, तहसील व जिला मुरैना म.प्र.

(2) श्रीमती ज्ञानवती देवी पत्नी श्री वीरेन्द्र सिंह निवासी- प्रेमनगर, जौराखुर्द, तहसील व जिला मुरैना म.प्र.

---------आवेदकगण

बनाम

(1) कमला

(2) फूलो

(3) कल्ली

(4) ओछी पुत्रियां रामगोपाल समस्त निवासीगण- जौराखुर्द, मुरैना तहसील व जिला मुरैना म.प्र.

----------अनावेदक

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 1- श्रीमती रामादेवी पत्नी श्री भूपसिंह, निवासी- प्रेमनगर, जौराखुर्द, मुरैना, तहसील व जिला मुरैना म.प्र., 2- श्रीमती ज्ञानवती देवी पत्नी श्री वीरेन्द्र सिंह, निवासी- प्रेमनगर, जौराखुर्द, तहसील व जिला मुरैना म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के अंतर्गत ग्राम जौराखुर्द, तहसील मुरैना, जिला मुरैना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक- 1735, 1736 मिन-7 कुल किता 2 कुल रकवा 79.55 वर्गमीटर के संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग-मुरैना, जिला मुरैना के प्रकरण क्रमांक 0129/2020-21/अपील माल के विरुद्ध निगरानी हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अतः विवादित भूमि से संबंध रखने वाले सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त प्रकरण में दिनांक- 11.04.2025 सुनवाई हेतु नियत की गई है। नियत दिनांक पर न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पक्ष समर्थन कर सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक- 24.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर**
**जिला मुरैना (म.प्र.)**

# वीर सावरकर के व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने स्वातंर्त्य वीर श्री विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर भारत के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, चिन्तक, समाज सुधारक, इतिहासकार, कवि, ओजस्वी वक्ता तथा दूरदर्शी राजनेता थे। वे अपने कृतित्व से वीर सावरकर के नाम से लोकप्रिय हुए। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को इंदौर के प्रगति नगर में स्वातंर्त्य वीर श्री विनायक दामोदर सावरकर जी की प्रतिमा का अनावरण किया।



इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री मधु वर्मा, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, वीर सावरकर के पौत्र श्री रंजीत सावरकर, बाबा साहब नवाथे, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीर सावरकर के स्मरण से ही रोमांच की अनुभूति होती है। उन्होंने अनेक कष्ट एवं प्रताड़ना सह कर देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन आदर्श है। कालापानी जैसी सबसे कठिन सजा पाकर भी वे अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर के इतिहास को सही रूप में समझने की आवश्यकता है।

# सद्भावना जनसेवा समिति मुरैना का 6वा वार्षिक स्नेह मिलन समारोह संपन्न






**मुरैना,कांस।** गत दिवस की भांति इस वर्ष भी सद्भावना जन सेवा समिति मुरैना द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सत्येंद्र धाकरे आयुक्त नगर निगम मुरैना मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि श्रीमती हेमा अग्रवाल, अध्यक्षता श्रीमती गीता अनिल गोयल, कार्यक्रम के संयोजक डॉ अनार सिंह जादौन , संस्था के फाउंडर मेंबर संचालक अनूप गर्ग, कार्यक्रम के सह संयोजक बनवारी लाल कुशवाहा मंचासीन रहे, सर्वप्रथम गणेश जी की प्रतिमा पर दीप जला कर के माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष , संयोजक सहसंयोजक संचालक सभी को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया, स्वागत भाषण हेतु डॉ अनार सिंह जादौन द्वारा मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि अतिथियों एवं सामान्य सदस्य तथा उनके परिवार गणों का मंच से स्वागत किया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आयुक्त नगर निगम धाकरे द्वारा सभी को संबोधित करते हुए बताया संगठन द्वारा जो कार्य किया जा रहा है भूखे को भोजन प्यासे को पानी यह एक बहुत ही पुनीत कार्य कराया जा रहा है।

हमने संगठन बहुत देखे हैं लेकिन इस तरह की कार्य करने की शैली पहली बार देखी है वक्ताओं में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती गीता अनिल गोयल विशिष्ट अतिथि के पद पर आसीन श्रीमती हेमलता अग्रवाल सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए ग्रुप की परंपरा अनुसार नए सदस्यों का सम्मान किया कार्य करने से ज्यादा प्रेरणा दाई का ज्यादा महत्व होता है उसी को देखते हुए अनूप गर्ग द्वारा अपनी माताजी श्रीमती कमला देवी का सम्मान कराया कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र गुप्ता एवं मनोज बंसल , एवं सन्ध्या सुरभि द्वारा किया गया बच्चों के गेम खिलाइए गये साथ-साथ जीरो से लेकर 80 वर्ष की उम्र के सदस्य परिवारों से मनोरंजन करा कर प्रतियोगिता में भाग दिलवाया गया सभी को इनाम वितरण की गई सदस्यों के परिवार में प्रतिभाशाली, मेघावी बच्चों को पुरस्कार देते हुए उनका हौसला बढ़ाया बाहर के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण भगवान की झांकी दिखाई भजन प्रस्तुत किया एवं महिलाओं , बच्चों ने भी भजन, नृत्य किए भूखे को भोजन, प्यासे को पानी पिलाने के उद्देश्य को लेकर तीन लोगों से ग्रुप की शुरुआत हुई आज एक संस्था के रूप में परिवर्तित होने जा रही है वर्ष 2017 में सद्भावना ग्रुप की शुरुआत हुई आज सेकडो की संख्या में हो गई समाज सेवा में लगे हुए सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है रविवार को सुबह गल्ला मंडी प्रांगण में गौ सेवा को चारा खिलाने का कार्य शाम के समय रूई मंडी में कैलादेवी मंदिर पर संतों एवं भूखे को भोजन कराएं जाते हैं इसी के साथ-साथ सदस्यों द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पानी की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही उसको देखते हुए वाटर कूलर लगाने का प्रण किया जिसमें मुरैना शहर के साथ साथ राजस्थान जिले के धौलपुर जहां पर बेटा बेटी की शादियों के मौर सिराये जाते हैं ।मचकुंड मंगल भारती हनुमान मंदिर स्थान वहां पर भी वाटर कूलर स्थापित किया है शहर में अभी तक वाटर कूलर की संख्या 23 तक पहुंच चुकी है प्रतिवर्ष पांच वाटर कूलर लगाए जाते हैं जिसमें ग्रुप द्वारा 7 कूलर ऐसे हैं जिनको दानदाताओं द्वारा लगाया गया है लेकिन उनकी देखरेख न होने के कारण काफी समय से बंद पड़े हैं उन्हें ठीक करा कर एक तरह से कहना चाहिए गोद लिया है वह भी वाटर कूलर संचालित कराये है सद्भावना ग्रुप से आज सद्भावना जनसेवा समिति का निर्माण हो चुका है ग्रुप के सदस्यों की सहमति से ग्रुप का पंजीयन कराकर सद्भावना जनसेवा समिति बन चुकी है जो कि गरीब बेसहारा कन्या की शादी में सहयोग भी सद्भावना जनसेवा समिति के सदस्यों द्वारा स्कूलों में जिन बच्चों के पास कॉपियां पेंसिल ड्रम बॉक्स आदि नहीं होते हैं उन्हें यह वस्तु वितरण की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित रामनिवास त्यागी गिर्राज शर्मा कपिल शर्मा वीरेंद्र सिंह तोमर पवन शुक्ला कृपाल सिंह परमार धर्मेंद्र सिंह कुशवाह प्रभात दंडोतिया बृजेश शर्मा रवि मंगल गांधी जी नेमीचंद ग्वालियर वाले मोनू गोयल नरेश गुप्ता रिंकू मित्तल ऋषिकेश शर्मा सुभाष शर्मा केशव गोयल बनवारी गुर्जर साधू सिंह गुर्जर अशोक शर्मा रामनिवास मंगल विपिन परिहार शेखर गर्ग पवन हरी ओम अक्षय अक्षय गोयल शिवराज तोमर सेवक सिकरवार राजेश अग्रवाल जितेन जैन विक्रम अग्रवाल राजीव खान शकील खान प्रवीण बंसल विष्णु सक्सेना विष्णु कुशवाहा गिर्राज मंगल सतीश प्रदीप रामेश्वर अतुल गिरिराज गोयल मनोज हलवाई सुभाष हलवाईअंकित अजय तोमर व्यास जी मुन्ना शर्मा रायटर यादव एवं सभी सदस्य उपस्थित हुए कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए अनूप गर्ग द्वारा मुख्य अतिथि अतिथि अध्यक्षता संयोजक सहसंयोजक सदस्य गण उनका परिवार सभी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया करते हुए बताया कि आप लोगों ने तन मन धन से पूरी वर्ष ग्रुप में सहयोग कर मानवता का परिचय दिया है उसके लिए सद्भावना जनसेवा समिति की ओर से मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

# डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

## 383 मुकदमों में 92 लाख 49 हजार का वसूला गया जुर्माना, डीएम ने खाद्य कारोबारियों को अधिनियम के तहत पंजीकृत किए जाने के दिए निर्देश

**अलीगढ़,कासं.।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक आहुत की गई। डीएम ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। डीएम ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए विभागीय समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करें। डीएम ने खाद्य कारोबारियों को अधिनियम के तहत पंजीकृत किए जाने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड टू दीनानाथ ने वर्ष 2024-25 में हुई कार्यवाही से अवगत कराते हुए बताया कि जिले में 3166 छापामार कार्यवाही करते हुए 826 नमूने संग्रहीत किए गये। 666 नमूने की जांच प्राप्त हो गई है जिनमें से 250 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। 89 असुरक्षित, 22 मिथ्या छाप पाए गए। उन्होंने बताया कि 418 वाद माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय एवं 157 वाद माननीय न्यायिक न्यायालय में दायर किए गये हैं। उन्होंने बताया कि माननीय न्याय निर्णायक अधिकारी न्यायालय द्वारा 368 मुकदमे निर्णीत किए गए एवं 89,94,000 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया जबकि माननीय न्यायिक न्यायालय द्वारा 15 वाद निर्णीत कर 02 लाख 55 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। विशेष अभियानों के तहत खाद्य पदार्थों के 934 नमूने संग्रहीत कर जांच कराई गई, जिसमें से 885 मानक के अनुरूप पाए गए। बैठक में खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच के लिए आसान परीक्षण के संबंध में भी उपभोक्ताओं को उपयोगी जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा दूध, घी-मक्खन, आइसक्रीम, खाद्य तेल, मसाले, केसर, अनाज व दालें, सूजी-मेंदा, फल-सब्जियां, चीनी, नमक, मिठाई, शहद, कॉफी पाउडर एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट को जांचने के विषय में बताया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सभी खाद्य कारोबारियों, रेस्टोरेंट व होटल संचालक एवं अन्य को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। संपूर्ण प्रक्रिया आनलाइन है। औषधि निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि इस वर्ष 172 निरीक्षण, 21 छापे एवं 308 नूमने विभिन्न दवा प्रतिष्ठानों से लिए गए, जिसमें से 21 नमूने अधोमानक मिलने पर न्यायालय में वाद दायर किया गया। बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीआईओएस डा0 सर्वदानंद, सदस्य कैमिस्ट एसोशिएशन राकेश गुप्ता समेत अधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।



# ग्वालियर की बेटियाँ आगे आकर प्रदेश व देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व का गौरव बनें : श्री सिंधिया

## केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया शासकीय विजयाराजे कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार के, वार्षिकोत्सव समारोह में शामिल हुए, महाविद्यालय में विभिन्न भवनों का लोकार्पण भी किया, छात्राओं के साथ किया संवाद

**ग्वालियर,नसं.।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कारगर महिला सशक्तिकरण नीति बनाई है। जिसकी बदौलत महिलाएँ हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। महिलायें जहाँ सुखोई, मिग व मिराज़ जैसे फाइटर विमान उड़ा रही हैं, वहीं पूरी मुस्तैदी के साथ सरहद की रक्षा पर भी तैनात हैं। ग्वालियर की बेटियां भी आगे आकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएँ और ग्वालियर, मध्यप्रदेश व देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व का गौरव बनें। इस आशय के विचार केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने व्यक्त किए। श्री सिंधिया शासकीय विजयाराजे कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार के वार्षिकोत्सव समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महाविद्यालय के आचार्यों व छात्राओं को वार्षिकोत्सव की शुभकामनायें व बधाई दी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इस अवसर पर महाविद्यालय की बालिकाओं से सीधा संवाद कर उन्हें सफलता के मंत्र बताए। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। उन्होंने इस दौरान विजयाराजे कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगभग 8 करोड़ रूपए लागत से नवनिर्मित ललितकला संकाय भवन, पुस्तकालय भवन, वाणिज्य प्रथम तल व पुराना भवन का नवीनीकरण एवं विज्ञान भवन प्रथम तल का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, पूर्व मंत्री श्री सुरेश धाकड़, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, श्री विनोद शर्मा, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा श्री के रत्नम व महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योति उपाध्याय मंचासीन थीं। वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली लक्ष्मी व लाड़ली बहना, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी तमाम योजनायें महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये संचालित की जा रही हैं। साथ ही ड्रोन दीदी जैसी योजना भी भारत सरकार द्वारा संचालित है। ग्वालियर के एमआईटीएस में ड्रोन प्रशिक्षण कक्षायें संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा खुशी की बात है कि अमेरिका व यूरोप के विकसित राष्ट्रों में जहां मात्र 5 प्रतिशत महिला पायलट हैं वहीं भारत में 15 प्रतिशत महिला पायलट सफलतापूर्वक विमान उड़ा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि भारत की महिला शक्ति तेजी के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने आह्वान किया कि ग्वालियर की महिलायें भी आगे आकर सुनीता विलियम की तरह अंतरिक्ष में जाकर तिरंगा लहराएं और संसद में अपने क्षेत्र की आवाज बुलंद करें। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष होने पर अमृतकाल के बाद देश शताब्दीकाल की ओर आगे बढ़ रहा है। भारत यह क्षमता रखता है कि वह आर्थिक, विज्ञान व आध्यात्मिक शक्ति के रूप में एशिया ही नहीं सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व करे। भारत को विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ाने के लिये केवल पुरुषों के ही प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, इसमें महिलाओं को भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करना होगा। केन्द्रीय मंत्री ने सिंधिया रियासतकाल में ग्वालियर में स्थापित हुए विकास के बड़े-बड़े आयामों को भी इस अवसर पर विशेष रूप से रेखांकित किया। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर में अत्याधुनिक एयर टर्मिनल, रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी व अन्य विकास कार्यों के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया के प्रति आभार जताया। साथ ही ग्वालियर के औद्योगिक विकास में और तेजी लाने के लिए शासन स्तर पर प्रयास करने के लिये श्री सिंधिया से विशेष आग्रह किया। उन्होंने कहा ग्वालियर सहित सम्पूर्ण प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत हैं। मंत्री श्री तोमर ने केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया से आग्रह किया कि ग्वालियर का इस तरह से औद्योगिक विकास हो, जिससे यहां की प्रतिभा को रोजगार व नौकरी की तलाश में अन्य शहरों में न जाना पड़े। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने भी विचार व्यक्त किए। आरंभ में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया सहित अन्य अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में महात्मा गाँधी जी एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ज्योति उपाध्याय ने स्वागत उदबोधन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया।



**छात्राओं की जिज्ञासाओं का किया समाधान**

संवाद के दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से महाविद्यालय की छात्राओं ने खुलकर सवाल पूछे। श्री सिंधिया ने सभी छात्राओं के प्रश्नों का विस्तारपूर्वक जवाब दिया और उन्हें सफलता हासिल करने के गुर भी बताए। महाविद्यालय की छात्रा कु. मोहिनी ने मुरार क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान के लिये मुरार नदी के जीर्णोद्धार की बात रखी। श्री सिंधिया ने कहा कि सरकार द्वारा इस काम को पहले से ही हाथ में लिया गया है। इसी तरह बीएससी की छात्रा कु. निकिता तोमर द्वारा किए गए सवाल पर श्री सिंधिया ने स्ट्रेस मैनेजमेंट (तनाव प्रबंधन) के तरीके बताए। एमएससी की छात्रा कु. प्रियंका शर्मा ने ग्वालियर में एमपीएल (मध्यप्रदेश क्रिकेट लीग) की तर्ज पर महिलाओं के लिये भी क्रिकेट लीग शुरू करने की मांग रखी। श्री सिंधिया ने कहा यह मांग जल्द ही पूरी होगी। महाविद्यालय की छात्रा कु. अनुष्का ने इंदौर की तरह ग्वालियर को भी साफ-सुथरा रखने की ओर ध्यान आकर्षित किया। श्री सिंधिया ने कहा इसके लिये केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। अपने शहर को स्वच्छ बनाने में सभी को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कु. अनु अग्रवाल सहित अन्य छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। श्री सिंधिया ने छात्राओं को बताया कि सफलता के लिये पढ़ाई के साथ-साथ योग, व्यायाम व खेलों को भी अपनाएं। साथ ही खान-पान का भी ध्यान रखें। उन्होंने पर्यावरण व जल संरक्षण पर भी बल दिया।

# 'जल पुरुष' डॉ. मोहन यादव का संकल्प हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना

## सिंचाई के क्षेत्र में हासिल की अभूतपूर्व उपलब्धियां



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्सर कहते हैं कि प्राचीन काल में भारत में पारस पत्थर हुआ करता था, जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता था। इस पारस पत्थर का काम पानी करता है जब वह सूखे खेतों पर पहुंचता है। जल के स्पर्श से खेतों में सुनहरी फसलें लहलहाती हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश की धरती को ÷शस्य श्यामला÷ बनाने के संकल्प से ही जुड़ा हुआ है मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ÷संकल्प ÷हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना÷ जिससे हर खेत में सुनहरी फसलें लहलहाएं और किसान समृद्धशाली बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं और इसके परिणाम स्वरुप प्रदेश ने गत 1 वर्ष में सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने दो दशक पहले देश की नदियों को जोड़कर हर खेत तक पानी पहुंचाने का सपना देखा था, जो राज्यों के बीच जल विवाद के चलते दो दशकों से अधिक समय से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी महत्वाकांक्षी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार और राज्यों से निरंतर चर्चा कर इन परियोजनाओं के गतिरोध को समाप्त किया और प्रदेश ने दो बड़ी परियोजनाओं के रूप में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश आकर देश की पहली नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना केन-बेतवा का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि अब महाराष्ट्र सरकार के साथ वार्ता के बाद विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वॉटर रीचार्ज अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना "ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना" का अवरोध दूर हो गया है। मध्यप्रदेश शीघ्र ही महाराष्ट्र सरकार के साथ इस संबंध में करार करने की ओर बढ़ रहा है।

# टीबी मुक्त भारत के लिए मध्यप्रदेश प्रतिबद्धः उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

## निक्षय भारत अभियान में मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों की सराहना की

## 5000 से अधिक ग्राम पंचायतें क्षयरोग मुक्त घोषित

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निक्षय भारत अभियान के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य केवल शासकीय प्रयासों से ही संभव नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही इसे साकार किया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि इस अभियान में सहयोग दें और टीबी मुक्त मध्यप्रदेश बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने विश्व टीबी दिवस पर स्वास्थ्यकर्मियों, निक्षय मित्रों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सबकी मेहनत और सेवा भाव के कारण ही मध्यप्रदेश क्षयरोग उन्मूलन की दिशा में इतनी तेज गति से आगे बढ़ा है। निक्षय मित्रों ने अपने स्तर पर आर्थिक और पोषण सहायता प्रदान कर मरीजों को नया जीवन दिया है, जो एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से हम टीबी मुक्त भारत का सपना साकार करेंगे।



100 दिवसीय विशेष निक्षय शिविर अभियान के तहत मध्यप्रदेश में 7 दिसंबर 2024 से 23 जिलों में गहन टीबी खोज और उपचार अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य उच्च टीबी बोझ वाले जिलों में टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान, मृत्यु दर में कमी और नए मामलों को रोकना है। इस अभियान के तहत 78 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 21,430 नए टीबी मरीज चिन्हित (नोटिफाई) किए गए और उनका तुरंत उपचार शुरू कराया गया। क्ऩ्एच् के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस दौरान 19000 से अधिक निक्षय मित्रों ने 25,000 से अधिक टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की और 4 लाख से अधिक नागरिकों ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प की शपथ ली। प्रदेश में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत 5000 से अधिक ग्राम पंचायतों को क्षयरोग मुक्त घोषित किया जा चुका है।

मध्यप्रदेश ने क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त किया है। वर्ष 2020 में संभावित क्षयरोगी दर 532 प्रति लाख थी, जो 2024 में बढ़कर 3031 प्रति लाख हो गई, जो रोगियों की शीघ्र पहचान और बेहतर निगरानी का प्रमाण है। वर्ष 2024 में 1,90,000 क्षय रोगियों को खोजने के लक्ष्य के विरुद्ध 1,81,085 (95ऽ) रोगियों की पहचान की गई। प्रदेश में टीबी उपचार की सफलता दर 87ऽ है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती है। 1 नवंबर 2024 से सभी अधिसूचित टीबी मरीजों को उपचार के दौरान 1000 रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जो पहले 500 रूपये प्रतिमाह थी। इसके अलावा, अधिसूचित जनजातीय क्षेत्रों में सभी खोजे गए टीबी रोगियों को 750 रूपये की एकमुश्त राशि भी प्रदान की जा रही है।

प्रदेश की सभी जेलों में भी समय-समय पर आईसीएमआर की हैंड-हेल्ड एक्स-रे मशीनों के माध्यम से टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। बलगम के नमूने लेकर उन्हें सीबीनेट और ट्रूनेट मशीनों द्वारा जांच की जाती है, जिससे जेलों में क्षयरोग के मामलों की शीघ्र पहचान हो रही है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954